# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, गुरुवार 28 मार्च 2024


# प्रदेश की सियासत में दुर्ग का 'दम', छह प्रत्याशी, चार दूसरे जिलों में ठोक रहे ताल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

खास खबर

छत्तीसगढ़ की राजनीति में दुर्ग जिला कई कारणों से महत्वपूर्ण रहा है, लेकिन इस बार के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देखा जाए, तो ये बात एक बार फिर साबित होती दिख रही है। वजह ये है कि इस जिले से ही कांग्रेस और भाजपा के छह नेता प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस और भाजपा से प्रत्याशी बनाए गए हैं। दिलचस्प ये है कि इनमें से चार नेता दूसरे जिलों की लोकसभा सीटों पर मुकाबला करते दिख रहे हैं। राजनीतिक प्रेक्षकों की मानें, तो यह पहला अवसर होगा जब एक जिले से इतनी संख्या में प्रत्याशी प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रत्याशी बनाए गए हैं।

दुर्ग लोकसभा सीट से कांग्रेस ने राजेंद्र साहू को प्रत्याशी बनाया है, वे पहली बार लोकसभा ▶▶| शेष पेज 4 पर

## भूपेश, ताम्रध्वज, देवेंद्र और राजेंद्र कांग्रेस प्रत्याशी | भाजपा से विजय बघेल और सरोज पांडेय मैदान पर

कांग्रेस प्रत्याशी



भाजपा प्रत्याशी



### दुर्ग जिला राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण

छत्तीसगढ़ की राजनीति में दुर्ग जिला कई कारणों से महत्वपूर्ण रहा है। 2018 के विधानसभा चुनाव में दुर्ग की पाटन विधानसभा सीट से जीतने वाले भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बनने में सफल रहे। इससे पहले देश की राजनीति में यह जिला दिवंगत राजनीतिज्ञ मोतीलाल वोरा के नाम से जाना जाता था। वे दुर्ग जिले में रहते हुए, विधायक, सांसद, केंद्रीय मंत्री, राज्यपाल, अविभाजित मप्र के मुख्य मंत्री भी बनने में सफल हुए। उस दौर में वासुदेव चंद्राकर ▶▶| शेष पेज 4 पर

नियुक्ति

## नितिन नबीन छत्तीसगढ़ कैप्टन अभिमन्यु असम के प्रदेश प्रभारी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

छत्तीसगढ़ में भाजपा के प्रदेश प्रभारी को लेकर चल रहा कई दिनों का सस्पेंस खत्म हो गया है। अभी तक प्रदेश सह प्रभारी की जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे नितिन नबीन को अब छत्तीसगढ़ का प्रदेश प्रभारी नियुक्त कर दिया गया है। वे ओम माथुर की जगह लेंगे। वहीं असम की जिम्मेदारी हरियाणा के पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु को सौंपी गई है।

उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी ने 18 राज्यों के प्रदेश प्रभारी और सह प्रभारियों की नियुक्ति की है। इनमें छत्तीसगढ़ के साथ महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और ▶▶| शेष पेज 4 पर

# लोकसभा चुनाव से पहले सुरक्षा बलों ने मार गिराए दो महिला समेत छह दुर्दांत नक्सली

**छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो महिला समेत छह नक्सलियों को मार गिराया। बासागुड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिपुरभट्टी गांव के करीब तालपेरू नदी के किनारे जंगलों में मुठभेड़ हुई। अभियान में डीआरजी, कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन के जवान शामिल थे।**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/बीजापुर**

लोकसभा चुनाव से पूर्व पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मारे गए छह नक्सलियों में 5-5 लाख के इनामी नक्सलियों के प्लाटून नंबर 10 का डिप्टी कमांडर पूनेम नागेश व एरिया कमेटी नम्बर कोवासी गंगी शामिल है।

जवानों ने मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों के शवों के अलावा भारी मात्रा में हथियार व गोला बारूद बरामद किया है। आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि बासागुड़ा थाना क्षेत्र में पीएलजीए प्लाटून नम्बर 9 व 10 के शीर्ष माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर बासागुड़ा की डीआरजी टीम, सीआरपीएफ 229, कोबरा 205, 210, व सीआरपीएफ 168 की संयुक्त टीम माओवादी ▶▶| शेष पेज 4 पर

■ डिप्टी कमांडर समेत 6 नक्सलियों पर था 16 लाख का इनाम




■ चिपुरभट्टी के जंगल में तालपेरू नदी के किनारे हुई मुठभेड़ भारी मात्रा में हथियार व गोला बारूद बरामद



### तीन ग्रामीणों की हत्या में माओवादियों का हाथ

मारे गए माओवादी होली के दिन 25 मार्च को बासागुड़ा पुसबाका मार्ग पर 3 निर्दोष ग्रामीणो की हत्या व 3 अप्रैल को टेकलगुड़ेम मुठभेड़ में शामिल थे। गौरतलब है कि माओवादियों ने होली के दिन दिनदहाड़े बासागुड़ा की नदी पार बस्ती में 3 युवकों पर हमला किया था। इस हमले में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, एक गंभीर रूप घायल ▶▶| शेष पेज 4 पर



### शर्मा बोले- दूर करेंगे नक्सली समस्या



उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, मुठभेड़ में 6 नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। परसों नक्सलियों ने तीन ग्रामीणों की हत्या की थी, जिसके बाद तलाशी के लिए यह टीम गई थी। नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं, तलाशी अभियान जारी है। चुनाव का आना-जाना लगा रहेगा लेकिन यह छत्तीसगढ़ की बड़ी समस्या है जिसे दूर करना है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर आईएनएच-24X7 का नया प्रोग्राम जल्द




**रायपुर।** लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर आईएनएच-24X7 जनता के बीच एक नया प्रोग्राम लेकर आ रहा है। 'का केरई जनता' नामक इस शो में आप आईएनएच-24X7 की चुनावी पड़ताल देख सकेंगे। इस प्रोग्राम में लोकसभा चुनाव की पूरी ग्राउंड रिपोर्ट होगी। इस बार लोकसभा चुनाव में जनता का क्या मूड है, नेताओं के किए हुए वादे पूरे हुए या अधूरे रह गए, लोकसभा चुनाव में अबकी बारी किसका पलड़ा भारी होगा। ये सब आप जल्द ही आईएनएच-24X7 पर देख सकेंगे।

### पूर्व आईपीएस भट्ट ड्रग्स जब्ती केस में दोषी

**पालनपुर।** गुजरात के बनासकांठा जिले के पालनपुर शहर की एक सत्र अदालत ने आईपीएस के पूर्व अधिकारी संजीव भट्ट को 1996 के मादक पदार्थ जब्ती मामले में बुधवार को दोषी करार दिया। अदालत द्वारा गुरुवार दोपहर को सजा सुनाने की संभावना है।

### वसंत एनआईए के नए महानिदेशक

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते के प्रमुख सदानंद वसंत दाते को एनआईए का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। दाते महाराष्ट्र कैडर के 1990 बैच के आईपीएस के अधिकारी हैं।















# हरिभूमि रण भूमि
## लोकसभा
## सत्ता संग्राम-2024



*राजनीति भी बड़ी अजीब होती है, कभी राजनीतिक गुरु पीछे हो जाते है तो उनका चेला उनसे आगे निकल जाता है। कई बार तो ऐसा भी होता है, व्यक्ति जिसकी कल्पना भी नहीं करता, वह पद उसे मिल जाता है। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह सर्वाधिक मत हासिल करने के लिहाज से पहले नंबर पर हैं तो उनके पिता और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उनसे आठ कदम पीछे है।*

# बेटा नंबर वन तो आठवें पायदान पर पिता रमन सिंह

## सर्वाधिक मत हासिल करने के लिहाज से पहले नंबर पर हैं अभिषेक सिंह

धन्य कुमार जैन ▶▶| राजनांदगांव

पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने संसदीय चुनाव में 40.43 फीसदी मत हासिल किए थे। इससे पहले इतने अधिक मत किसी को नहीं मिले हैं। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में अब तक 17 बार चुनाव हो चुके हैं। सबसे अधिक मत हासिल करने के लिहाज से देखा जाए तो विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के पुत्र अभिषेक सिंह नंबर वन पर हैं। 2014 के आम चुनाव में 1591373 मतदाताओं में से 643473 ने उनके पक्ष में मतदान किया था। उन्होंने 40.45 प्रतिशत वोट हासिल किए थे। वहीं टॉप-टेन में सबसे आखिरी में भाजपा के प्रदीप गांधी हैं। श्री गांधी को 28.04 फीसदी वोट मिले थे।



अभिषेक सिंह



डॉ. रमन सिंह



मोतीलाल वोरा



शिवेंद्र बहादुर सिंह

### मदन तिवारी के नाम दो रिकार्ड

मौजूदा सांसद संतोष पांडे टॉप-टेन की सूची में 38.59 प्रतिशत मत हासिल कर दूसरे नंबर पर हैं। पांडे को 662387 वोट मिले थे। तीसरे और चौथे नंबर पर मदन तिवारी का नाम है। तिवारी ने भारतीय लोकदल की टिकट पर चुनाव लड़कर 1957 में 33.10 और 1977 में 33.05 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे।

### वोरा पांचवे तो आठवें स्थान पर रमन

*कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा को 1998 के चुनाव में 968222 मतदाताओं में से 304709 ने वोट दिया था। उन्हें 31.47 प्रतिशत मत मिले थे और वह पांचवे स्थान पर हैं तो मुख्यमंत्री बनने के पहले संसदीय चुनाव लड़ने वाले डॉ. रमन सिंह ने 1999 में श्री वोरा को मात दिया था। इस चुनाव में डॉ. सिंह को 29.96 प्रतिशत वोट मिले थे। छठवें स्थान पर भाजपा के मधुसूदन यादव 31.02 और सातवें नंबर पर भी भाजपा के ही धरमपाल गुप्ता ने 30.06 फीसदी वोट हासिल किया।*

### शिवेन्द्र बहादुर जीते रिकार्ड तीन बार

राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र और कांग्रेस की राजनीति में खैरागढ़ राज परिवार की एक लंबे समय तक तूती बोलते रही है। इस परिवार के चार सदस्यों ने छह बार लोकसभा में प्रतिनिधित्व किया, किन्तु मतों के लिहाज से कोई उल्लेखनीय रिकार्ड नहीं बना पाए। इतना जरूर है कि इस परिवार के शिवेंद्र बहादुर सिंह ने तीन बार नेतृत्व करने का रिकार्ड जरूर कायम किया है। वह संसदीय इतिहास में एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्हें लंबे समय तक नेतृत्व करने का मौका मिला। खैरागढ़ रियासत के राजा बीरेंद्र बहादुर सिंह सन 62 के चुनाव में 16.12 प्रतिशत मत हासिल कर लोकसभा में पहुंचे थे। 440331 मतदाताओं में से 71012 ने उनके पक्ष में मतदान किया था। श्री सिंह एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्हें मात्र 16.12 फीसदी वोट मिले। इसी प्रकार रानी पदमावती देवी ने 1967 में 25.85 प्रतिशत वोट हासिल किए थे। इसी परिवार के युवराज शिवेंद्र बहादुर सिंह ने छह बार चुनाव लड़कर तीन बार जीत दर्ज किया। श्री सिंह को 1980 में 21.03, सन 84 में 26.36 और 91 के चुनाव में 21.19 प्रतिशत मत मिले थे। युवराज देवव्रत सिंह तीन बार चुनाव लड़कर मात्र एक बार ही कामयाब हो सके।

## आमने/सामने

### बैलट से चुनाव हुए तो सामने आ जाएगी भाजपा की असलियत



*पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने केंद्र की मोदी सरकार और ईवीएम पर जमकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, वे इस बार ईवीएम से लोकसभा चुनाव नहीं होना देना चाहते हैं। यदि बैलट पेपर से चुनाव हुआ तो भाजपा की असलियत सामने आ जाएगी। ईवीएम को लेकर भूपेश बघेल ने पहले भी सवाल उठाए हैं।*

### ईवीएम पर सवाल खड़े करना, हार का एक बहाना है : साय



*सीएम विष्णुदेव साय ने कहा, जब जब कांग्रेस पार्टी की हार होती है या हारने की गुंजाइश होती है, तब ईवीएम पर सवाल खड़े होते हैं। जब ये जीतते हैं तब भी सवाल खड़े करना चाहिए, लेकिन उस समय ये लोग ऐसा नहीं करते हैं। दरअसल यह हार का एक बहाना है।*



## सभी सीटों पर प्रत्याशी तय होने के बाद जोर पकड़ेगा प्रचार

# लोकसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के सभी प्रत्याशी तय, ये होंगे आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस के रणबांकुरे तैयार हैं। सभी सीटों पर प्रत्याशियों के ऐलान के बाद अब वहां चुनाव प्रचार तेज होगा। भाजपा ने अपने प्रत्याशियों का ऐलान पखवाड़ेभर पहले कर दिया था। वहीं कांग्रेस ने 6 प्रत्याशियों की सूची पहले जारी की थी, उसके बाद शेष सीटों का ऐलान दो दिन पूर्व कर दिया था। कांग्रेस और भाजपा ने पिछले चुनाव में लड़ चुके दो प्रत्याशियों को फिर से चुनाव में उतारा है।

छत्तीसगढ़ में तीन चरण में मतदान होने हैं। पहले चरण का नामांकन पूरा होने के बाद अब दूसरे चरण का नामांकन शुरू हो गया है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित तीन पूर्व मंत्रियों को चुनाव मैदान पर उतारा है। इनमें वर्तमान विधायक देवेंद्र यादव को बिलासपुर से चुनाव मैदान पर उतार कर बड़ा दांव खेला है। वहीं भाजपा ने अपने दो मौजूदा सांसदों के साथ पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय, वर्तमान विधायक बृजमोहन अग्रवाल को चुनाव मैदान पर उतारा है। शेष प्रत्याशियों में पांच पूर्व विधायक और कई नए चेहरे शामिल हैं। सभी प्रत्याशियों की घोषणा के साथ ही चुनाव प्रचार में अब नया मोड़ आएगा।

| कांकेर | | बिलासपुर | | सरगुजा | | रायगढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |
|  |  |  |  |  |  |  |  |
| भोजराज नाग | बीरेश ठाकुर | तोखन साहू | देवेंद्र सिंह यादव | चिंतामणि महाराज | शशि सिंह | राधेश्याम राठिया | डॉ. मेनका देवी |

### कांग्रेस और भाजपा ने तीन-तीन महिलाओं को उतारा

*लोकसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस ने तीन-तीन महिलाओं को चुनाव मैदान पर उतारा है। इनमें कोरबा सीट पर कांग्रेस की ज्योत्सना महंत से भाजपा की सरोज पांडेय के बीच मुकबला होगा। वहीं भाजपा ने महासमुंद से रूप कुमारी चौधरी और जांजगीर-चांपा लोकसभा से कमलेश जांगड़े को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने रायगढ़ से डॉ. मेनका देवी सिंह और सरगुजा से शशि सिंह को प्रत्याशी के रूप में उतारा है। दोनों पहली बार लोकसभा चुनाव पर उतरी हैं।*

**कांग्रेस के चार और भाजपा से एक दूसरे के लोकसभा में प्रत्याशी**


*लोकसभा चुनाव में प्रदेश के चार लोकसभा सीटों में प्रत्याशी घोषित किए गए प्रत्याशियों में राजनांदगांव से भूपेश बघेल, महासमुंद से ताम्रध्वज साहू, जांजगीर-चांपा से डॉ. शिव डहरिया और बिलासपुर लोकसभा सीट से देवेंद्र यादव को कांग्रेस ने दूसरे लोकसभा से प्रत्याशी बनाया है। वहीं भाजपा ने कोरबा लोकसभा सीट से सरोज पांडेय को प्रत्याशी बनाया है।*

### लोकसभा वार
### ये प्रत्याशी देंगे एक दूसरे को टक्कर

- बस्तर से भाजपा के महेश कश्यप के सामने कांग्रेस के कवासी लखमा
- राजनांदगांव से भाजपा के संतोष पांडेय के सामने भूपेश बघेल
- कांकेर से भाजपा के भोजराज नाग के सामने कांग्रेस के बीरेश ठाकुर
- महासमुंद से भाजपा की रूप कुमारी चौधरी के सामने कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू
- रायपुर से भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल के सामने कांग्रेस के विकास उपाध्याय
- दुर्ग से भाजपा के विजय बघेल के सामने कांग्रेस के राजेंद्र साहू
- सरगुजा से भाजपा के चिंतामणि महाराज के सामने कांग्रेस की शशि सिंह
- रायगढ़ से भाजपा के राधेश्याम राठिया के सामने कांग्रेस की डॉ. मेनका देवी सिंह
- बिलासपुर से भाजपा के तोखन साहू के सामने कांग्रेस के देवेंद्र सिंह यादव
- जांजगीर-चांपा से भाजपा के कमलेश जांगड़े के सामने कांग्रेस के डा. शिवकुमार डहरिया
- कोरबा से भाजपा की सरोज पांडेय के सामने कांग्रेस की ज्योत्सना महंत

## पप्पू यादव को तगड़ा झटका पूर्णिया से बीमा उम्मीदवार

**पटना।** लोकसभा चुनाव के लिए बिहार के पूर्णिया सीट पर राजद ने अपना उम्मीदवार उतार दिया है। पार्टी ने इस सीट से बीमा भारती को उम्मीदवार बनाया है। लालू यादव ने उन्हें पार्टी का सिंबल सौंपा। उनका यह फैसला कांग्रेस नेता पप्पू यादव के लिए एक बड़ा झटका है, जो पूर्णिया सीट से चुनाव लड़ना चाहते थे। बीमा भारती ने 23 मार्च को नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू से इस्तीफा दे दिया था। सोशल मीडिया पर उनका इस्तीफा वायरल होने के कुछ घंटों बाद उसी दिन देर शाम तेजस्वी यादव ने उन्हें राजद में शामिल कराया था। पूर्व राज्य मंत्री बीमा भारती पूर्णिया जिले के रूपौली विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रही थीं। बीमा भारती ने पूर्णिया राजद ऑफिस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके अपनी उम्मीदवारी का ऐलान किया।



### पप्पू ने दी प्रतिक्रिया

बीमा को टिकट मिलने पर पप्पू यादव ने कहा कि दुनिया छोड़ देंगे, लेकिन पूर्णिया नहीं छोड़ेंगे। कल से नामांकन शुरू हो जाएगा आपको पता चल जाएगा जब मैं नामांकन करूंगा। मैं सिर्फ इतना कहूंगा। कांग्रेस की विचारधारा पर हम चल रहे हैं, हम लालू जी से फिर एक बार बात करेंगे। यादव ने कहा कि पूरी दुनिया एक तरफ हो जाएगी तब भी हम पूर्णिया से अलग नहीं होंगे और ना ही दूर जाएंगे। कांग्रेस की विचारधारा मेरे लिए सर्वोपरि है। पूर्णिया की जनता खास तौर पर हर घर की मां और बेटी पप्पू यादव को अपना भाई, अपना बेटा बन चुकी हैं तो इसीलिए निर्णय कभी नहीं बदलता।

## 'जय श्री राम के नारों के साथ मेरी जिम्मेदारी बढ़ जाती है'



**मेरठ।** रामानंद सागर कृत रामायण में प्रभु श्रीराम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल उत्तरप्रदेश की मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने वाले हैं। रामायण के श्रीराम यानी अरुण गोविल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जय श्री राम के नारों के साथ मेरी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। आपके प्यार ने मुझे अपने जन्म स्थान पर पहुंचा दिया है। अरुण गोविल ने कहा कि अयोध्या में जाने के बाद मन दुखी होता था। हमें यकीन नहीं था कि हम अपने जीवन काल में अयोध्या जैसा पल जी पाएंगे। गोविल के साथ चुनावी सभा में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। उनकी तारीफ करते हुए गोविल ने कहा, मोदी जी और योगी जी के नाम का मीटर बराबर लगता है। दोनों ने अपने कार्य क्षेत्र में बेंचमार्क स्थापित किया है। अरुण गोविल ने कहा कि सन्यासी से अच्छा राजा कोई नहीं हो सकता है।

# सांसद रिंकू और विधायक शीतल भाजपा में शामिल

एजेंसी ▶▶| जालंधर

### पंजाब में भाजपा ने दिया आप को डबल झटका



भाजपा ने पंजाब में आम आदमी पार्टी को करारा झटका दिया है। आम आदमी पार्टी के जालंधर के सांसद सुशील कुमार रिंकू भाजपा में शामिल हो गए हैं। उनके अलावा एक विधायक शीतल अंगुराल भी भाजपा में आ गए हैं। इन दोनों नेताओं ने दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ली। दोनों को भाजपा महासचिव विनोद तावड़े और पंजाब के पार्टी अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी मौजूद थे। पुरी ने कहा, 'भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। हर क्षेत्र से जुड़े लोग भाजपा जॉइन कर रहे हैं और परिवार का हिस्सा बन रहे हैं। सुशील कुमार रिंकू और शीतल अंगुराल का मैं स्वागत करता हूं।' उन्होंने कहा कि पंजाब में स्थितियां अब बदल रही हैं। हम सभी मिलकर भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने के लिए काम करेंगे। सुशील कुमार रिंक और शीतल से पहले मंगलवार को ही लुधियाना से कांग्रेस के सांसद रवनीत सिंह बिट्टू भाजपा में आ गए थे।

### सुप्रिया श्रीनेत, दिलीप घोष को कारण बताओ नोटिस

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अदाकारा कंगना रनौत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों के लिए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता दिलीप घोष और कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत को कारण बताओ नोटिस जारी किया। रनौत को भाजपा ने आम चुनाव के लिए हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। निर्वाचन आयोग ने घोष और श्रीनेत की टिप्पणियों को ''अशोभनीय और गलत'' बताया। आयोग ने कहा कि प्रथम दृष्टया, दोनों टिप्पणियां आदर्श आचार संहिता और चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों को गरिमा बनाए रखने की सलाह का उल्लंघन हैं।

# कांग्रेस की 'सीटों' पर उद्धव गुट ने घोषित किए उम्मीदवार

### महाविकास अघाड़ी में दरार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) ने बुधवार को 16 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिया। घोषित सीटों में कई सीटें ऐसी हैं जिन पर कांग्रेस अपना उम्मीदवार उतारना चाहती थी, लेकिन इन पर उद्धव की शिवसेना ने अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए। इन सीटों में सांगली और मुंबई दक्षिण मध्य लोकसभा सीट है। उद्धव ठाकरे यूबीटी ने मुंबई दक्षिण मध्य लोकसभा सीट से अनिल देसाई के नाम की घोषणा की है। कांग्रेस इस सीट से वर्षा गायकवाड़ को उतारना चाहती थी। बता दें कि बहुजन अघाड़ी प्रमुख प्रकाश आंबेडकर पहले से ही नाराज चल रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कहा कि उद्धव शिवसेना के साथ गठबंधन अब अस्तित्व में नहीं है। एमवीए कल सीटों की घोषणा करती उससे पहले ही आज उद्धव गुट ने ऐलान कर दिया।



### शरद पवार कांग्रेस व उद्धव से नाराज

मुंबई की 6 लोकसभा सीटों में 4 सीटों पर उद्धव गुट के प्रत्याशी उतारने से टिकट की उम्मीद कर रहे कांग्रेस नेता नाराज हो गए हैं। महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी संकट में नजर आ रहा है। शिवसेना उद्धव गुट ने बुधवार को 17 कैंडिडेट्स का ऐलान किया। इनमें 3 सीटों पर कांग्रेस के दावेदार टिकट का इंतजार कर रहे थे। इस ऐलान से शरद पवार नाराज हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उन्होंने कहा है कि हमारे सहयोगी गठबंधन धर्म नहीं निभा रहे हैं।

## बस्तर संसदीय सीट से इस बार के चुनाव में हैं आमने-सामने

# सरपंची से किया है कवासी, महेश दोनों ने अपनी राजनीति का आगाज





### कवासी लखमा नागारास और महेश कश्यप कलचा से सरपंच रहे

### सियासत: 6 बार के विधायक और पूर्व मंत्री के सामने महेश का पहला बड़ा चुनाव

सुरेश रावल ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संसदीय सीट पर इस बार अनुभव और वरिष्ठता के सामने युवा और नए प्रत्याशी का मुकाबला है। हालांकि भाजपा और कांग्रेस दोनों प्रत्याशियों की राजनीति की शुरूआत अपने ही गांव के सबसे छोटे चुनाव सरपंच से हुई थी। दोनों ने ही गांव का सरपंच बनकर अपनी राजनीति की शुरुआत की और ये दोनों देश के सबसे बड़े चुनाव सांसद के लिए मैदान में हैं। कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा सुकमा जिले के नागारास ग्राम पंचायत के सरपंच और भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप ग्राम पंचायत कलचा के सरपंच रहे। दोनों का मुकाबला रोचक हो गया है। हालांकि महेश कश्यप के प्रत्याशी होने की घोषणा काफी पहले कर दी गई थी इसलिए वे चुनाव प्रचार में काफी बड़ा क्षेत्र कवर कर चुके हैं। वहीं कांग्रेस ने प्रत्याशी की घोषणा में देरी कर दी है। लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के सामने क्षेत्र कोई नया नहीं है वे लगातार 6 बार कोंटा से विधायक बन रहे हैं। वहीं भूपेश सरकार में 2018 से लेकर 2023 तक मंत्री रहने के साथ-साथ बस्तर संभाग के 5 जिले के प्रभारी मंत्री भी रहे। अनुभव व वरिष्ठता के हिसाब से वे काफी परिपक्व नेता माने जाते हैं। वहीं महेश कश्यप सरपंच के बाद सीधे सांसद का चुनाव लड़ रहे हैं। उनको जिताने के लिए पूरी भारतीय जनता पार्टी लगी है। मुख्यमंत्री से लेकर भाजपा का हरेक कार्यकर्ता यहां के प्रत्याशी को नरेन्द्र मोदी मानकर प्रचार कर रहा है। अब देखना है अनुभव और वरिष्ठता के सामने युवा और नए प्रत्याशी का मुकाबला किस करवट बैठेगा। बहरहाल दोनों दल के सामने कार्यकर्ताओं की फौज है।



### दोनों प्रदेश अध्यक्ष के लिए परीक्षा की घड़ी

यह मात्र संयोग नहीं है बल्कि बस्तर की राजनीति को प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिल रही है। भाजपा-कांग्रेस दोनों दल के संगठन के मुखिया बस्तर से हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के सामने परीक्षा की घड़ी है। असल में प्रत्याशी कोई भी हो इन दोनों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। दीपक बैज इस सीट से वर्तमान सांसद भी हैं जिन्होंने 2019 में बैदूराम को हराकर जीत हासिल की थी। 2023 के विधानसभा चुनाव में उन्हें भाजपा के एक छोटे से कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष विनायक गोयल से हार मिली थी। इसलिए वे सांसद की टिकट पाने से वंचित हो गए। अब देखना है लखमा को जिताने में दीपक की रौशनी और महेश को संसद तक पहुंचाने में किरण का कमाल कितना असरकारी होगा।

### कोंटा वाले खुश लखमा के जीतने से सीट होगी खाली

कोंटा विधानसभा सीट ऐसी है जहां कवासी लखमा अंगद के पांव की तरह जमे हुए हैं। सीपीआई के गढ़ माने जाने वाले कोंटा से दो बार विधायक रहे मनीष कुंजाम से सीट छिनने के बाद वे लगातार छठवीं बार विधायक बने हैं। यहां तक कि रमन सरकार के 15 साल के कार्यकाल में भी लखमा को बीजेपी वाले हरा नहीं पाए थे। अब लखमा को सांसद का टिकट मिलने से कोंटा क्षेत्र के सभी दल के नेता और कार्यकर्ता खुशी मना रहे हैं। खुशी इस बात की है कि सांसद बनने पर कोंटा सीट खाली हो जाएगी। उपचुनाव में सीपीआई और बीजेपी के जीतने का अवसर खुल जाएगा। अब देखना है कोंटा विधानसभा के लोग कवासी लखमा को जिताने के लिए कितना दम लगाते हैं। वैसे भी 2023 में बीजेपी को सत्ता में लाकर जनता ने काफी भरोसा दिखाया है। इसलिए बीजेपी के लिए लोकसभा के सभी 8 विधानसभा से लीड लेना जरूरी हो गया है।

रायपुर, गुरुवार, 28 मार्च 2024 | चैत्र कृष्ण पक्ष तृतीय, वर्ष : 22, अंक : 249, पृष्ठ : 10+4 +4 = 18 मूल्य : 5 .00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## रिकॉर्डों का आईपीएल

- मैच में बने कुल 523 रन
- 38 छक्के, जो टी20 में नया रिकॉर्ड
- सनराइजर्स का 10 ओवर में 148/2 का रिकॉर्ड

### दो तेज फिफ्टी

सनराइजर्स टीम के लिए सबसे पहले ट्रेविस हेड ने 18 गेंदों में इस सीजन की सबसे तेज फिफ्टी लगाई। इसके बाद अभिषेक शर्मा ने यह रिकॉर्ड तोड़ते हुए 16 गेंदों पर ताबड़तोड़ फिफ्टी जड़ दी।

## हैदराबाद ने बनाया आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर



**हैदराबाद।** आईपीएल 2024 के आठवें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने बुधवार को सबसे बड़ा स्कोर 277 रन बनाए। यह आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर है। इस मामले में उन्होंने 11 साल पुराना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का रिकॉर्ड तोड़ दिया। 2013 में बेंगलुरु ने पुणे वॉरियर्स के खिलाफ चिन्नास्वामी में पांच विकेट गंवाकर 263 रन बनाए थे। सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने अपनी पारी में कुल 18 छक्के लगाए, जो कि इस लीग में एक पारी में तीसरे सबसे ज्यादा छक्के हैं।

**277** रन बनाए
**11** साल पुराना रिकार्ड टूटा
**18** छक्के पारी में जड़े

### 31 रन से जीती सनराइजर्स

पहले बल्लेबाजी करते हुए हैदराबाद ने तीन विकेट पर 277 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम 5 विकेट पर 246 रन ही बना सकी और उसे 31 रन से हार का सामना करना पड़ा 23 गेंद में 63 रन बनाने वाले अभिषेक शर्मा प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।

# होली के बाद 14 गांवों में उल्टी-दस्त, इतने मरीज आए कि जमीन पर करना पड़ा इलाज

## सनावल, डिंडो, रामचंद्रपुर से मरीज आए सामने, 60 मरीजों की अस्पताल से छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबिकापुर

खास खबर

बलरामपुर जिले के सनावल क्षेत्र से होली पार्टी के बाद फूड प्वाइजनिंग का मामला सामने आया है। होली मिलन समारोह में खाने पीने वाले 14 गांव के सैकड़ों लोगों को दस्त-उल्टी की शिकायतें आई हैं। उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव-गांव में कैंप लगाकर मरीजों की पहचान करने के साथ ही गंभीर मरीजों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग ने इसे होली पार्टी से जोड़ने से इंकार किया है। वहीं, प्रशासनिक आंकड़ा सिर्फ 183 का ही है, जिनमें से 60 मरीजों की डिस्चार्ज भी किया जा चुका है। ▸▸ शेष पेज 4 पर

### स्वास्थ्य विभाग गांव में करा रहा सर्वे

होली के बाद फूड प्वाइजनिंग से उल्टी दस्त की शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में सर्वे अभियान चलाया गया। इस दौरान आज देर शाम तक अस्पतालों में 183 मरीजों को चिन्हांकित कर भर्ती किया गया। भर्ती मरीजों में से 60 को पहले दिन ही छुट्टी दे दी गई जबकि अन्य मरीजों को एक दिन चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है। इसके साथ ही गांव में भी लोगों को दवाओं का वितरण करने के साथ ही उनका उपचार किया जा रहा है।





**गांव में किया जा रहा है सर्वे :** कुछ उल्टी-दस्त के मामले सामने आए थे। 14 गांव में कैम्प लगाकर सर्वे किया गया है। कुल 183 मरीजों का उपचार किया गया है और इनमें से 60 मरीजों को छुट्टी दे दी गई है। हमारी टीम लगातार गांव में नजर बनाए हुए है और लोगों का उपचार जारी है।
**-डॉ. वसंत सिंह** सीएमएचओ

### स्थिति सामान्य

उल्टी-दस्त की शिकायत एक क्षेत्र से आई है। मरीजों का उपचार किया जा रहा है और स्थिति सामान्य है। होली मिलन पार्टी के 5-6 दिन बाद मरीज सामने आए हैं, इसलिए इस मामले को होली मिलन से नहीं जोड़ा जा सकता है। एहतियातन गांव में सर्वे कराया जा रहा है और मरीजों को एक दिन अस्पताल में रखने कहा गया है।
**-आर एक्का,** कलेक्टर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

# नामांकन के आखिरी दिन शक्ति प्रदर्शन
# भाजपा-कांग्रेस ने एक-दूसरे पर बोला हल्ला

*छत्तीसगढ़ की 11 सीटों में से एकमात्र बस्तर का चुनाव पहले चरण में 19 अप्रैल को होना है। नामांकन भरने के अंतिम दिन बुधवार को शहर में भाजपा और कांग्रेस के बड़े-बड़े नेताओं का जमावड़ा रहा। दोनों दलों ने शक्ति प्रदर्शन करते कलेक्टोरेट में प्रत्याशी के साथ पर्चा जमा कराया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक दूसरे पर निशाना साधा।*

## साय बोले-कांग्रेस प्रत्याशी की जब्त कराएंगे जमानत



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

कलेक्टोरेट में 5-5 नेताओं को ही नामांकन जमा करने के दौरान अनुमति दी गई थी। इसलिए अधिकांश नेता जन सभा स्थल में मौजूद रहकर जनता से समर्थन मांगते हुए एक-दूसरे दल पर आरोप लगाते रहे। भाजपा की जन सभा कलेक्टोरेट के समीप मिशन ग्राउंड में और कांग्रेस की सभा लालबाग मैदान में हुई।

**महापौर समेत कई पार्षद और जोगी कांग्रेस के नेता ने भी थामी भाजपा**

भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी के साथ प्रदेश के सभी बड़े नेता रैली में दिखाई पड़े। भाजपा की रैली में मुख्यमंत्री समेत कई मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष सहित विधायक और ▸▸ शेष पेज 4 पर

### बाहरी को बनाया जा रहा प्रत्याशी : साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रत्याशी महेश कश्यप को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा घोषित अभ्यर्थी बताते जनता से कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की जमानत जब्त कराना है। उन्होंने 5 साल के भूपेश सरकार के कार्यकाल को भ्रष्टाचार और घोटाले में लिप्त जनविरोधी सरकार बताया। साथ ही चुटकी लेते हुए कहा कि जिन नेताओं का घोटालों में ▸▸ शेष पेज 4 पर

## भूपेश ने कहा- बदले की राजनीति पर उतर आई भाजपा सरकार



लालबाग मैदान में सभा को संबोधित करते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सत्ता में आते ही भाजपा सरकार बदले की राजनीति पर उतर गई है। डरा धमकाकर भाजपा में कांग्रेस और अन्य दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं को शामिल कराया जा रहा है। जो उनकी बात नहीं मान रहे हैं, उन्हें जेल भेजा जा रहा है या फिर उनकी फाइल खोलकर परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कवासी लखमा को बस्तर का सबसे वरिष्ठ और मजबूत नेता बताते कहा कि 6 बार लगातार विधायक बनने वाले लखमा जब मंत्री रहे तब वे बस्तर संभाग के 5 जिले के प्रभारी मंत्री भी थे। इसलिए उनकी पहचान शहर से लेकर गांव-गांव तक है, लेकिन भाजपा ने जिसे टिकट दिया है उसे कोई नहीं जानता। कोंटा और बीजापुर में कोई पूछकर दिखाए महेश कश्यप कौन है तो लोग चुप हो जाते हैं। उन्होंने कवासी लखमा के खिलाफ बयान देने वाले कांग्रेस नेता शिवनारायण द्विवेदी को भाजपा का स्लीपर सेल बताते कहा कि ऐसे बहुत सारे कांग्रेस के अंदर भी नेता हैं, जो भाजपा ▸▸ शेष पेज 4 पर

**पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा प्रत्याशी को कोई जानता नहीं, लखमा सबसे वरिष्ठ नेता**

### 12 ने दाखिल किए 18 नामांकन पत्र

जगदलपुर। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर (अजजा) से नाम निर्देशन पत्र दाखिला के अंतिम तिथि 27 मार्च तक कुल 12 अभ्यर्थियों ने 18 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया है। अब नामांकन पत्रों की संवीक्षा कल 28 मार्च को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापसी की तिथि 30 मार्च तक निर्धारित है। नाम निर्देशन पत्र जमा करने वाले प्रत्याशी हैं जिनमें कवासी लखमा (इंडियन नेशनल कांग्रेस), महेशराम कश्यप (बीजेपी), नरेंद्र बुरका (हमरराज पार्टी), कवलसिंह बघेल ▸▸ शेष पेज 4 पर

### दूसरे चरण की अधिसूचना आज

रायपुर। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत द्वितीय चरण के लिए 28 मार्च 2024 गुरुवार को अधिसूचना जारी की जाएगी।

## हिस्ट्रीशीटर्स को वीआईपी सुविधा
# सेंट्रल जेल में मिला चिलम ड्राई फ्रूट्स और मोबाइल



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

दुर्ग सेंट्रल जेल में एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने औचक निरीक्षण किया। इसके बाद पुलिस कप्तान ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि हिस्ट्रीशीटर्स को यहां वीआईपी की तरह सुविधाएं दी जा रही है। छापेमारी के दौरान जेल के भीतर काजू, किशमिश से लेकर मोबाइल फोन, उस्तरा, ब्लेड और चिलम, बीड़ी सिगरेट जैसे प्रतिबंधित सामान बरामद किए गए हैं।

सेंट्रल जेल की लगातार शिकायत मिलने के बाद एसपी जितेन्द्र शुक्ला अपनी टीम को लेकर दबिश देने पहुंचे, इस दौरान 15 टीम बनाई गई। इसमें 96 पुलिस ▸▸ शेष पेज 4 पर

### हिस्ट्रीशीटरों को कई सुविधाएं

जेल में बंद कुख्यात हिस्ट्रीशीटरों को कई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं। सभी चर्चित अपराधियों को नवीन जेल परिसर में रखा गया था। जब दुर्ग एसपी अपनी टीम के साथ पहुंचे तो देखा कि सभी आरोपी मोटे गद्दे पर सोए हुए मिले। गद्दे के नीचे से काजू, बादाम और किशमिश जैसे महंगे ड्राई फ्रूट्स मिले। जब एसपी ने इसे लेकर जेल अधीक्षक से पूछताछ की तो उनके पास कोई जवाब नहीं था।

### कई आपत्तिजनक सामान मिले

जेल में दबिश के दौरान कई आपत्तिजनक सामान मिले हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर किया गया। जेल की बैरकों को भी चेक किया गया है। चिलम, स्वयं द्वारा बनाए गए हथियार, तंबाकू आदि मिले हैं। पुलिस सुरक्षा के प्रति सजग है।
**-अभिषेक झा,** एएसपी

## खबर संक्षेप

### कर्नाटक में 60 स्थानों पर लोकायुक्त की छापेमारी



**बेंगलुरु।** भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी लोकायुक्त ने बुधवार को कर्नाटक में राज्य सरकार के 13 अधिकारियों से जुड़े 60 स्थानों पर छापेमारी की। बेंगलुरु, बिदर, रामनगर, उत्तर कन्नड, उडुपी, कोडागु, मैसूर और विजयपुरा जिलों में छापेमारी जारी है।

### नहाने गए दो छात्रों की डूबने से मौत



**मैनपुर।** मैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धवलपुर में बुधवार को तालाब में नहाने गए दो छात्र की डूबने से मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना मैनपुर से 10 किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर-गरियाबंद मार्ग में बसे ग्राम धवलपुर में दोपहर 12 बजे के आसपास की है।

### 'बिग बॉस' विजेता फारुकी समेत 14 हिरासत में



**मुंबई।** दक्षिण मुंबई में पुलिस की छापेमारी के दौरान हुक्का पीते हुए पाए जाने के बाद स्टैंड-अप कॉमेडियन और 'बिग बॉस -17' के विजेता मुनव्वर फारुकी सहित 14 लोगों को हिरासत में लिया गया। बोरा बाजार इलाके में स्थित एक हुक्का बार में छापेमारी शुरू की।

### बेकाबू कार पलटने से चार की मौत



**बिजनौर।** बिजनौर जिले के नजीबाबाद क्षेत्र में कार के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उस पर सवार चार लोगों की मौत हो गयी। अमरोहा जिले के बछरायुं क्षेत्र में स्थित सरकडा गांव का निवासी मेहरचन्द (55) अपने दो बेटों प्रवेन्द्र (35) और रतन सिंह (30) तथा अपने साले देवेन्द्र (58) के साथ कार से कहीं जा रहा था।

### 43.4 लाख की हेरोइन जब्त, एक गिरफ्तार



**आइजोल।** मिजोरम के चंफाई जिले में 43.4 लाख रुपए की हेरोइन जब्त की गई है। एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। असम राइफल्स तथा मिजोरम आबकारी एवं स्वापक नियंत्रण विभाग की एक संयुक्त टीम ने कार्रवाई की।

## पूर्व सीएम डॉ. रमन की हुई सर्जरी, अब हैं स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के स्वास्थ्य को लेकर अच्छी खबर है। वे कई दिनों से स्लिप डिस्क की बीमारी से परेशान थे, लेकिन मुंबई में हुई एक सर्जरी के बाद वे ठीक हो गए हैं। डॉ. रमन ने खुद सोशल मीडिया पर संदेश दिया है कि वे एकदम ठीक हैं और जल्द ही छत्तीसगढ़ लौटेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की मुंबई में सर्जरी हुई है। सर्जरी के बाद वे स्वस्थ बताए जा रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री विधानसभा चुनाव के बाद से स्लिप डिस्क की समस्या से परेशान हैं। स्थिति इतनी खराब हो गई थी, कई दिन तक वे बेड पर रहे। बाद में उन्होंने वॉकर के सहारे चलना शुरू किया। ▸▸ शेष पेज 4 पर



## दो विमानों के टकराए पंख बाल-बाल बचे 312 यात्री

**कोलकाता।** कोलकाता हवाई अड्डा पर बुधवार को एक दुर्घटना में दो विमानों के पंख आपस में टकराने से क्षतिग्रस्त हो गए। दो विमान में करीब 312 यात्री सवार थे। अधिकारियों के अनुसार विमानन कंपनी 'इंडिगो' के एक विमान के पंख 'एयर इंडिया एक्सप्रेस' के विमान से टकराए, जिसमें दोनों विमानों के पंख क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय ने इस दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। हादसे में शामिल इंडिगो के पायलट को उड़ान कार्य में नहीं लगाने को कहा है।

■ कोलकाता में टला बड़ा हादसा

## चार्जिंग के दौरान बैटरी फटने से युवती झुलसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिश्रामपुर



बहन के साथ किराए के मकान में रहकर नेटवर्क मार्केटिंग में फील्ड आफिसर के पद पर काम करने वाली एक युवती बीती रात इलेक्ट्रिक स्कूटी के बैटरी चार्जिंग के दौरान ब्लास्ट हो जाने से गंभीर रूप से झुलस गई है। युवती को गंभीर हालत में उपचार हेतु अंबिकापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत कुरवां आमापारा निवासी 23 वर्षीय पार्वती सिंह पिता स्व. हरि प्रसाद पिछले 8-9 महीने से सूरजपुर के चंद्रपुर में एक किराए के मकान में अपनी बड़ी बहन सावित्री सिंह के साथ निवास करके नेटवर्क मार्केटिंग में फील्ड आफिसर के पद पर काम करती थी। परिजन ने बताया कि गुरुवार की रात ▸▸ शेष पेज 4 पर

## हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत
# ईडी की रिमांड में ही रहेंगे केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

हाईकोर्ट ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ लगाई गई याचिका पर उन्हें राहत देने से इंकार कर दिया। कोर्ट ने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि हिरासत के दौरान ईडी ने कुछ तथ्य एकत्र किए होंगे, जो वो सुनवाई के दौरान कोर्ट के सामने रखना चाहते होंगे। यह तथ्य इस याचिका के लिए भी जरूरी होंगे। ईडी को सुने बिना हम इसपर फैसला नहीं ले सकते।



### सीएम पद से हटाने के लिए याचिका

आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में आज सुनवाई होनी है। इससे पहले उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाने को लेकर याचिका दाखिल की गई थी।

### आज तक ईडी हिरासत में हैं दिल्ली सीएम

ईडी ने 22 मार्च को केजरीवाल को राउज एवेन्यू की विशेष अदालत में पेश करके 10 दिन के रिमांड की मांग की थी। अदालत ने ईडी के अनुरोध पर केजरीवाल को 28 मार्च तक के लिए ईडी के कस्टडी में भेज दिया था।

### महुआ, हीरानंदानी को ईडी का समन

ईडी ने विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा) उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा और कारोबारी दर्शन हीरानंदानी को नया समन जारी कर 28 मार्च को तलब किया है। केंद्रीय एजेंसी ने इससे पहले भी तृणमूल नेता को दो बार पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन वह आधिकारिक काम का हवाला देकर उपस्थित नहीं हुईं और नोटिस को टालने की मांग की थी।



## चिंतन

# भारत के आंतरिक मामले में नसीहत न दें यूएस-जर्मनी

भारत के आंतरिक मामले में किसी भी देश को न दखल देना चाहिए और न ही टीका-टिप्पणी करनी चाहिए। हाल में दिल्ली शराब नीति घोटाले में सीएम अरविंद केजरीवाल की ईडी की ओर से की गई गिरफ्तारी पर पहले जर्मनी व उसके बाद अमेरिका ने जिस तरह टिप्पणी की वह एक संप्रभु राष्ट्र के आंतरिक मामलों में दखल जैसा है। मौजूदा राजग सरकार की नीति भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो ऑलरेंस की रही है। भारतीय राजनीति में कदाचार आजादी के वक्त से रहा है, व्यक्तिगत व नीतिगत दोनों स्तर पर सरकारों में भ्रष्टाचार का अतीत रहा है। सत्ता पक्ष नीतिगत परिवर्तन कर चहेतों को फायदा पहुंचाता रहा है। करप्शन के मामले उजागर भी होते रहे हैं, लेकिन वर्तमान में सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिक कठोर है। चूंकि करप्शन के खिलाफ ईडी के एक्शन अधिकांश विपक्षी नेताओं के खिलाफ हैं, इसलिए ऐसा प्रतीत हो रहा है कि ईडी सरकार के इशारे पर सिलेक्टिव होकर काम कर रहा है, जबकि वास्तविता में ऐसा नहीं है। आजादी के बाद से राजनीतिक दलों के अधिकांश नेता 'कांग्रेस कल्चर' फलित-फूलित हैं, ऐसे में नीतिगत भ्रष्टाचार उनके लिए बड़ा मुद्दा नहीं लगता है, जबकि मौजूदा मोदी सरकार व्यक्तिगत और नीतिगत दोनों प्रकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ काम कर रही है, इसलिए जद में नेता व अफसर दोनों हैं। मोदी सरकार के कार्यकाल में सैकड़ों भ्रष्ट व सुस्त अफसरों की छुट्टी हुई है, भ्रष्टाचार के लूपहोल्स वाली तमाम स्कीमों का पोस्टमार्टम हुआ है, स्कीमस् को पारदर्शी बनाए गए हैं, भ्रष्टाचार कर भागने वालों पर कानून शिकंजा कसा गया है और अब वे नेता रडार पर हैं, जो व्यक्तिगत या नीतिगत भ्रष्टाचार के आरोपित हैं। भारत में भ्रष्टाचार के खिलाफ ईडी, सीबीआई आदि की कार्रवाई पर अमेरिका व जर्मनी जैसे राष्ट्र को सतही प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए। भ्रष्टाचार के खिलाफ एक्शन न ही राजनीति से प्रेरित है और न ही लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने के मकसद से है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और बड़ी बात है, जब जब सत्ता पक्ष की ओर से लोकतंत्र के खिलाफ कोई प्रयास हुआ है, तो जनता ने कड़ा प्रतिकार किया है। कांग्रेस के समय आपातकाल के दौरान ऐसा ही देखने को मिला था। भारत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी की टिप्पणी को लेकर अमेरिका की एक वरिष्ठ राजनयिक को तलब किया और कड़ा विरोध दर्ज कराया है। ऐसे ही जर्मनी के प्रति भारत कर चुका है। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह 28 मार्च तक एजेंसी की हिरासत में हैं। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति बनाने और लागू करने में कथित भ्रष्टाचार और धनशोधन से संबंधित है। इस नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। खुद अमेरिका ने इराक में क्या किया, अफगानिस्तान में क्या किया? जो बाइडन की सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ जांच की। अमेरिकी करतूतों के अनेक उदाहरण हैं, जो मानवाधिकार से लेकर लोकतंत्र तक के खिलाफ हैं। अमेरिका कश्मीर मामले में भी मध्यस्थ बनने की अनर्गल पेशकश कर चुका है, जिसे भारत ठुकरा चुका है। अमेरिका व जर्मनी भारत के आंतरिक मामले की चिंता न करें और किसी प्रकार की टीका टिप्पणी न करें, दोनों मुल्कों के साथ भारत के अच्छे संबंध हैं, ये बने रहें।

## कड़वे बोल

बाल मुकुन्द ओझा



# ऊल-जलूल और विवादित बयानों से न बिगड़े फ़िज़ा

देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही मौसमी गर्मी के संग चुनाव प्रचार की गर्मी देश भर में प्रचंड रूप लेने जा रही है। इसी के साथ नेताओं के विवादित, अभद्र और शर्मसार करने वाले बयानों ने भाषा की मर्यादा को तार तार करके रख दिया है। नेता लोग अक्सर चर्चा में रहने के लिए ऊल-जलूल और समाज में कटुता फैलाने वाले बयान देते रहते हैं। चुनावों के दौरान गंदे बोलों से चुनावी बिसात बिछ जाती है। कांग्रेस की एक प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मंडी से भाजपा प्रत्याशी और अभिनेत्री कंगना रनौत पर बेहद विवादस्पद टिप्पणी कर आग में घी डालने का कार्य किया है। भ्रष्टाचार के आरोपों में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल इस समय ईडी की हिरासत में है। केजरीवाल की पार्टी आप के नेताओं ने इस गिरफ़्तारी से बौखलाकर प्रधानमंत्री पर जिस भाषा में आरोप प्रत्यारोपों की बौछारे शुरू की है वह निश्चय ही लोकतंत्र के लिए घातक है। तमिलनाडु के नेता लगातार अभद्र बयान दे रहे है। वहीं कांग्रेस के नेता यह कहने लगे है तानाशाह मोदी जीत गए तो यह आखिरी चुनाव होगा। मोदी के परिवार को लेकर पहले ही अभद्र टिप्पणियां मीडिया में सुर्खियां लिए हुए है।

कुछ सियासी नेताओं ने तो लगता है विवादित बयानों का ठेका ले रखा है। कई नेताओं पर विवादित बयानों पर मुक़दमे भी दर्ज हुए। कुछ को न्यायालय से सजा भी मिली। मगर इसका उनपर कोई फर्क नहीं पड़ा। विवादित बयानबाजी के कारण सुर्खियों में रहना नेताओं को शायद आनंद देने लगा है। देश के न्यूज चैनलों और सोशल मीडिया पर नफरत और घृणा के बादल मंडरा रहे हैं। नफरत और घृणा के इस महासागर में सभी सियासी पार्टियां डुबकी लगा रही है। न्यूज चैनलों पर विभिन्न सियासी दलों के प्रतिनिधि जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग करते हैं, उन्हें देखकर लगता नहीं है कि यह गाँधी, सुभाष, नेहरू, लोहिया और अटलजी का देश है। देश की सर्वोच्च अदालत कई बार इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर नियामकीय नियंत्रण की कमी पर अफसोस ज़ाहिर कर चुकी है । सुप्रीम कोर्ट ने नेताओं के भाषण और टीवी चैनलों को नफरती भाषण फैलाने का जिम्मेदार ठहराया है। सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच मामले में कई बार टेलीविजन चैनलों को जमकर फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि टेलीविजन चैनल समाज में विभाजन पैदा कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि टीवी चैनल ऐसे एजेंडे से संचालित होते हैं, जो विभाजन पैदा करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि टीवी चैनल सनसनीखेज न्यूजों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं और अपने धनदाताओं (मालिकों) के आदेश के अनुसार काम करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नफरत फैलाने वाली बातें एक 'बड़ा खतरा हैं और भारत में स्वतंत्र एवं संतुलित प्रेस की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि एंकरों और न्यूज़ चैनल के प्रबंधकों के खिलाफ कार्रवाई हो तो सब लाइन पर आ जाएंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि आजकल सब कुछ टीआरपी से संचालित होता है और चैनल एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं तथा समाज में विभाजन पैदा कर रहे हैं।

पिछले दो दशक से गंदे और विवादित बोल बोले जा रहे है। नेताओं के बयानों से गाहे बगाहे राजनीति की मर्यादाएं भंग होती रहती है। अमर्यादित बयानों की जैसे झड़ी लग जाती है। राजनीति में बयानबाजी का स्तर इस तरह नीचे गिरता जा रहा है उसे देखकर लगता है हमारा लोकतंत्र तार तार हो रहा है। जिस तरह से एक के बाद एक नेता विवादित बयान दे रहे हैं, उसकी वजह से चुनावी माहौल में सरगर्मी बढ़ गई है। विवादित बयान देने में कांग्रेस और भाजपा सहित कोई भी नेता पीछे नहीं है। कहते हैं राजनीति के हमाम में सब बयानवीर हैं। यहाँ तक तो ठीक है मगर बयानों का नंगापन हमाम से निकलकर बाजार में आ जाये तो फिर भगवान ही मालिक है। सियासत में विवादास्पद बयान को नेता भले अपने पॉपुलर होने का जरिया मानें, लेकिन ऐसे बयान राजनीति की स्वस्थ परंपरा के लिए ठीक नहीं होते। हमारे नेता आजकल अक्सर ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे हमारा सिर शर्म से झुक जाता है। देश के नामी-गिरामी नेता और मंत्री भी मौके-बेमौके कुछ न कुछ ऐसा बोल ही देते हैं, जिसे सुनकर कान बंद करने का जी करता है। ऐसे में केंद्रीय चुनाव आयोग को चाहिए कि बदरंग बयान देकर सामाजिक व सांस्कृतिक फिजा बिगाड़ने वाले बयानवीर नेताओं के खिलाफ कठोर एक्यान लें। चुनाव आयोग ने अपनी गाइडलाइन में नेताओं को नफरती बयानों से बचने की हिदायत दी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## राजनीति

प्रमोद भार्गव

# जाति गणना कांग्रेस परंपरा के विरुद्ध

> कांग्रेस नेता राहुल गांधी जातिवार गणना कराने का बिगुल फूंकने में लगे हैं, वहीं कांग्रेस के नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने इस मुद्दे पर असहमति जताई है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर साफ किया है कि जातीय गिनती कराया जाना इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की विरासत का अनादर है। शर्मा ने जाति पर कांग्रेस के ऐतिहासिक रुख को इंगित करने के लिए इंदिरा गांधी के 1980 में लगाए नारे, 'न जात पर न पात पर मोहर लगेगी हाथ पर' को याद किया। उन्होंने यह भी बताया कि 1990 में प्रधानमंत्री रहते हुए राजीव गांधी ने जातिवाद के निर्मूलन को चुनावी मुद्दा बनाया था।

एक तरफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी जातिवार गणना कराने का बिगुल फूंकने में लगे हैं, वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने इस मुद्दे पर असहमति जताई है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर साफ किया है कि जातीय गिनती कराया जाना इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की विरासत का अनादर है। शर्मा ने जाति पर कांग्रेस के एतिहासिक रूख को इंगित करने के लिए इंदिरा गांधी के 1980 में लगाए नारे, 'न जात पर न पात पर मोहर लगेगी हाथ पर' को याद किया। उन्होंने यह भी बताया कि 1990 में प्रधानमंत्री रहते हुए राजीव गांधी ने जातिवाद के निर्मूलन को चुनावी मुद्दा बनाया था। अतएव इस परंपरा से पीछे हटना इंदिरा और राजीव की विरासत के अपमान के रूप में समझा जाएगा। परतंत्रता के दौरान फिरंगी हुकूमत ने पहली बार जातिवार गिनती कराई थी, लेकिन स्वतंत्र भारत में नेहरू जी जब प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने इसकी जरूरत को सिरे से नकार दिया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जोर-शोर से बिहार में केंद्र सरकार की इच्छा के विरुद्ध जातीय गणना कराई थी। तभी से राहुल गांधी समेत इंडिया गठबंधन ने इसे मुद्दा बनाकर पूरे देश में जातिवार गाणना कराने की मांग शुरू कर दी है। लेकिन अब उन्हीं नीतीश कुमार ने राजग गठबंधन में शामिल होकर इस मांग को हशिए पर डाल दिया है। कर्नाटक की पिछली कांग्रेस सरकार ने भी जातीय सर्वेक्षण कराया था, लेकिन उसके आंकड़े आज तक सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। यह गिनती इतनी जरूरी है तो राहुल इसी के आंकड़े क्यों उजागर करवा रहे? कर्नाटक में तो उन्हीं की कांग्रेस सरकार है।

यह तथ्य अपनी जगह ठीक हो सकता है कि जाति, शिक्षा और आर्थिक आधार पर एकत्रित आंकड़े जनकल्याणकारी योजनाओं को अमल करने में मदद करते हैं। इसलिए जातिगत आरक्षण का प्रतिशत भविष्य में बढ़ाया जा सकता है ? नीतियां बनाने में भी जातीय गिनती की रिपोर्ट को अमल में लाया जा सकता है। लेकिन आरक्षण को लेकर समाज में जो दुविधाएं और कुंठाएं पनप रही हैं, वहीं परिणति जाति आधारित गणना में भी देखने को मिल सकती है ? क्योंकि आरक्षण का आधार तो जाति आधारित गिनती ही है। देश के सभी राजनीतिक दल जातीय समीकरण के आधार पर ही चुनाव में टिकट बांटते हैं। सपा, बसपा, राजद, जदयू जाति आधारित और असदुद्दीन ओवैसी का दल एआईएमआईएम संप्रदाय आधारित हैं। इस लिहाज से यह कहना गलत नहीं लगता कि जातीय गिनती से समाज की संरचना दूषित होगी ? वर्तमान में अनुसूचित जातियों और जनजातियों की गिनती जातीय आधार पर ही होती है, फिर भी जातीय ताना-बाना अपनी जगह बदस्तूर है। नीतीश कुमार ने तो अति-पिछड़ी और अति-दलित जातियों के विभाजन के आधार पर ही जदयू का वजूद कायम किया हुआ है। भाजपा अब इसमें सेंध लगा रही है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में पिछड़ों का ही वर्चस्व है। स्वयं मोदी इसी वर्ग से आते हैं। इसी वर्ग के एचडी देवगौड़ा भी प्रधानमंत्री रह चुके हैं।

नब्बे के दशक में वीपी सिंह के प्रधानमंत्री रहते हुए जब मंडल आयोग की सिफारिशें लागू की थीं, तब से जातीय गणना की मांग तीव्रता से उठती रही है। बिहार समेत



अन्य प्रांतों से यह मांग भिन्न विचारधारा वाले राजनीतिक दल उठाते रहे हैं। दरअसल मंडल के बाद मुलायम सिंह, लालू प्रसाद, शरद यादव और नीतीश कुमार ने इस राजनीति को धार दी। इसी का परिणाम निकला कि उत्तर-प्रदेश और बिहार में यह राजनीति कांग्रेस को बेदखल करके उत्कर्ष के चरम पर पहुंची। डॉ राममनोहर लोहिया की समाजवादी वैचारिकता से उदय हुई इस राजनीति का नारा है कि 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी।' हालांकि इन्हीं मांगों के चलते 2011 की जनगणना के साथ अलग से एक प्रारूप पर सामाजिक, आर्थिक और जाति आधारित जनगणना की गई थी। किंतु मूल जनगणना के साथ की गई इस गिनती के आंकड़े न तो मनमोहन सिंह सरकार ने उजागर किए और न ही नरेंद्र मोदी सरकार ने?

इस तरह की गणना की मांग करने वाले नेताओं का कहना है कि इसके निष्कर्श से निकले आंकड़ों के आधार पर जिन जातियों की जितनी संख्या है, उस आधार पर कल्याणकारी योजनाओं के साथ सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ मिले? लेकिन यदि हमारे नीति-नियंताओं में जरा भी दूरदृष्टि है तो पहले, इस विषय पर एक राष्ट्रीय वर्ष्ग कराएं और फिर इससे निकले निष्कर्श पर अमल करें। दरअसल, जातिगत जनगणना एक ऐसा मुद्दा है, जिसमें सतह पर तो खूबियां दिखाई देती हैं, लेकिन अनेक डरावनी आशंकाएं भी इसके गर्भ में छिपी हैं। बहरहाल आनन-फानन में ऐसे गंभीर मुद्दे पर कोई आसान निर्णय भविष्य में कठिन साबित हो सकता है? हालांकि भारत में 1931 की जातिगत जनगणना के आधार पर यह अनुमान लगाया गया था कि पिछड़े वर्ग की आबादी 52 फीसदी है, जिसे इस गणना के पैरोकार 60 फीसदी तक मानते हैं। 2011 में जिलेवार जातियों का नमूने के आधार पर पिछड़ेपन का आकलन किया गया था, लेकिन इसके नतीजे विसंगतिपूर्ण देखने में आए। निष्कर्शतः कोई जाति एक जिले या एक प्रांत में पिछड़ी थी, तो वही जाति दूसरे प्रांत में समाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप में सक्षम व संपन्न थी। राजस्थान में मीणा समुदाय, जहां समर्थ है, वहीं मध्य-प्रदेश में पिछड़ा है। इस कारण मध्य-प्रदेश में यह जाति आरक्षण के दायरे में आती है। साफ है, जातिगत गणना के परिणामों को संख्याबल के आधार पर आरक्षण दिया जाता है तो समाज में विषमता के साथ कटुता भी उत्पन्न होगी।

जातिगत आरक्षण के संदर्भ में संविधान के अनुच्छेद 16 की जरूरतों को पूरा करने के लिए आरक्षण की व्यवस्था है। लेकिन आरक्षण किसी भी जाति के समग्र उत्थान का मूल कभी नहीं बन सकता ? क्योंकि आरक्षण के सामाजिक सरोकार केवल संसाधनों के बंटवारे और उपलब्ध अवसरों में भागीदारी से जुड़े हैं। इस आरक्षण की मांग शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार और अब ग्रामीण अकुशल बेरोजगारों के लिए सरकारी योजनाओं में हिस्सेदारी से जुड़ गई हैं। निजी क्षेत्र में भी आरक्षण देने की मांग की जा रही है। परंतु जब तक सरकार समावेशी आर्थिक नीतियों को अमल में लाकर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक नहीं पहुंचती, तब तक पिछड़ी या निम्न जाति अथवा आय के स्तर पर पिछले छोर पर बैठे व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार नहीं आ सकता।

एक समय आरक्षण का सामाजिक न्याय से वास्ता जरूर था, लेकिन सभी जाति के लोगों द्वारा शिक्षा हासिल कर लेने के बाद जिस तरह से देश में शिक्षित बेरोजगारों की फौज खड़ी हो गई है, उसका कारगर उपाय आरक्षण जैसे चुक गए औजार से संभव नहीं है? लिहाजा सत्तारूढ़ दल अब सामाजिक न्याय से जुड़े सवालों के समाधान रोजगार के नए अवसरों का सृजन कर निकालेंगे तो बेहतर होगा ? यदि वोट की राजनीति से परे अब तक दिए गए आरक्षण के लाभ का ईमानदारी से मूल्यांकन किया जाए तो साबित हो जाएगा कि यह लाभ जिन जातियों को मिला है, उनका समग्र तो क्या आओंशिक कायाकल्प भी नहीं हो पाया? कांग्रेस जाति गणना के विरोध में रही है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# गलत सोच का चश्मा जल्दी उतार देना चाहिए




संकलित

## दर्शन

जब सोच निषेधात्मक या गलत होती है, तब वह सुख को भी दुख में परिवर्तित कर देती है। गलत सोच का चश्मा जितनी जल्दी हो, उतार देना चाहिए। बुरे विचार जितना दूसरों का नुकसान करते हैं, उतना ही स्वयं का भी करते हैं। कारण अपनी ही सुरक्षा को लेकर डरा दिमाग ढंग से नहीं सोच पाता। हम स्वार्थी हो जाते हैं, केवल अपने बारे में ही सोचते हैं। कहा गया है कि आपके विचार वहां तक ले जाते हैं, जहां आप जाना चाहते हैं। पर कमजोर विचारों में दूर तक ले जाने की ताकत नहीं होती। हम जो हैं वह सब विचारों का फल है। जो हम सोचते हैं, वही बन जाते हैं। मनुष्य अपने कार्यों से दूसरों को नुकसान पहुंचाता है और अपने विचारों से स्वयं को। गलत सोच एवं अनैतिक कार्यों में लिप्त लोगों को धनवान और प्रतिष्ठित होते देख आदमी में नकारात्मक चिंतन जागता है। अपनी ईमानदारी उसे मूर्खतापूर्ण लगती है। वह पुनर्चिंतन करता है-क्या मिला मुझे आदर्शों पर चलकर? यह नकारात्मक चिंतन उसे भी गलत सोच के दलदल में उतार देता है। समाज में भ्रष्ट और बेईमान लोगों की उत्पत्ति इसी तरह के गलत विचारों के संक्रमण से हुई। इस तरह का गलत सोच हमारी दुनिया को छोटा कर देता है। भीतर और बाहरी दोनों ही दुनिया सिमट जाती हैं। तब हमारी छोटी-सी सफलता अहंकार बढ़ाने लगती है। थोड़ा-सा दुख अवसाद का कारण बन जाता है। कुल मिलाकर सोच ही गड़बड़ हो जाता है। अपने ही बोले हुए को सुनते रहना ज्यादा सीखने नहीं देता। हमारा चिंतन गुणों की ओर केंद्रित रहना चाहिए।

# सेवा का समर्पण भाव



संकलित

## प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती।

तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। बिना सोचे समझे पहले ही किसी पर अपनी नाराजगी जाहिर करना ठीक नहीं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### लोकतंत्र की रक्षा का सुंदर प्रयास


भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने एक शानदार निर्देश देते हुए देश के सभी राजनीतिक दलों को यह आदेश दिया है कि जिस प्रत्याशी को भी वह संसद के लिए अपना उम्मीदवार बना रहे हैं उसका सारा आपराधिक रिकार्ड, अगर वह अपराधी है, तो चुनाव आयोग को भेजा जाए और साथ ही यह सारी जानकारी सोशल मीडिया तथा समाचार पत्रों के माध्यम से जनता को दी जाए। यह भी कहा गया है कि यह कारण बताया जाए कि आखिर आपराधिक छवि वाले को टिकट क्यों दिया गया। इस आदेश को लागू करने की सारी जिम्मेवारी चुनाव आयोग को सौंपी गई है और यह भी कहा गया है कि इस आदेश का अगर पालन नहीं किया गया तो राजनीतिक पार्टियों पर सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन का केस बनाया जाएगा।

- मोहन वर्मा, रायगढ़

## करंट अफेयर

# पेंटागन का इजराइल से लोगों की रक्षा का आग्रह

अमेरिका के रक्षा क्षेत्र के अधिकारियों ने इज़राइल के अपने समकक्षों से मंगलवार कोकहा कि दक्षिणी शहर रफह में कोई भी सैन्य अभियान आम नागरिकों की सुरक्षा और सहायता वितरण को ध्यान में रखते हुए चरणबद्ध तरीके से किया जाए। अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इज़राइल के रक्षा मंत्री ने इस बात को सुना लेकिन यह साफ नहीं है कि इस बैठक का गाज़ा के लिए इज़राइल की योजना और दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव पर क्या असर पड़ेगा।




अमेरिकी नेता रफह में ज़मीनी हमले के खिलाफ लगातार चेता रहे हैं और वैकल्पिक और सटीक लक्ष्य साधकर अभियान चलाने पर जोर दे रहे हैं। वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने पेंटागन में हुई 90 मिनट की बैठक को बहुत ही सार्थक और विचारपूर्ण बताया, लेकिन जब उनसे पूछा गया कि क्या रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने गाज़ा में मानवीय स्थिति में सुधार की शर्त पर इज़राइल को भविष्य में अमेरिकी सैन्य सहायता देने की बात कही है तो उन्होंने इस पर आपत्ति जताई। अधिकारी के मुताबिक, ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका सशस्त्र संघर्ष और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के अनुसार इज़राइल के अपनी रक्षा के अधिकार का समर्थन करना जारी रखेगा।

## ऑफ बीट

# वॉर्म मून क्या है, यह वसंत की शुरूआत का प्रतीक है

उत्तरी गोलार्ध में सर्दियों की अंतिम पूर्णिमा का चंद्रमा जिसे वॉर्म मून कहा जाता है 25 मार्च को दिखाई दिया। इसका नाम मूल अमेरिकियों के कारण पड़ा, जो



जाती सर्दियों में मिट्टी पर केंचुओं के रेंगने से बने निशान से सर्दियों के अंत का जश्न मनाते थे। पूर्णिमा के सामान्य नाम आमतौर पर मौसमी जानवरों, रंगों या फसलों से आते हैं: वुल्फ मून, पिंक मून, हार्वेस्ट मून। लेकिन वॉर्म मून अपना महत्व खो रहा है, क्योंकि जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया के अधिकांश हिस्सों में गर्मियां बढ़ रही हैं और सर्दियां कम हो रही हैं। मैं तीन दशकों से अधिक समय से केंचुआ वैज्ञानिक रहा हूं, और हाल ही में, मैं उन महीनों में सतह पर कीड़ों के लक्षण देख रहा हूं जब वे निष्क्रिय हुआ करते थे। यह पता लगाने के लिए कि वॉर्म मून कैसे बदल रहा है, हम एक विशेष केंचुए की प्रजाति (लुमब्रिकस टेरेसट्रिस, उर्फ द ड्यू वॉर्म , नाइटक्रॉलर या लोब वॉर्म) को देख सकते हैं, जिसे ट्रैक करना असामान्य रूप से आसान है। कभी-कभी इसे सामान्य केंचुआ भी कहा जाता है, यदि आपको बगीचे में कोई बड़ा वॉर्म दिखाई देता है, तो संभावना है कि यह इसी प्रजाति का वॉर्म है। अधिकांश वॉर्म अपना अधिकांश जीवन भूमिगत बिताते हैं, लेकिन ओस का वॉर्म अपनी गहरी बिल को लगभग पूरी तरह से छोड़ देता है, अपने निशान अंदर छोड़ देता है।

## ट्रेंड

### गरबा की वैश्विक लोकप्रियता



गरबा जीवन, संस्कृति और भक्ति का उत्सव है। यह लोगों को एक साथ लाता भी है। यह जानकर खुशी होती है कि गरबा की वैश्विक लोकप्रियता बढ़ रही है! कुछ समय पहले, गरबा को यूनेस्को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में जगह मिली।

-नरेन्द्र मोदी, पीएम

### विनम्र श्रद्धांजलि



रामकृष्ण मिशन के पूज्य अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद जी महाराज का निधन अत्यंत दुःखद और आध्यात्मिक जगत की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उनके अनुयायियों और परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी

### रोजगार नहीं दे सकती भाजपा



देश का हर युवा समझ चुका है कि भाजपा रोजगार नहीं दे सकती। भारत के कुल कार्यबल में जितने बेरोजगार हैं, उनमें 83 प्रतिशत युवा हैं। कुल बेरोजगारों में शिक्षित युवाओं की हिस्सेदारी 2000 में 35.2 प्रतिशत थी। 2022 में यह 65.7 प्रतिशत है।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस नेता

### सभी दलों में परिवारवाद



वंशवादी राजनीति भारत की संस्कृति का हिस्सा है। यह पश्चिम की तुलना में भारत में सामान्य बात है कि एक पिता अपने बेटे से अपने पेशे का अनुसरण करने की अपेक्षा करता है और यह ऐसे ही चलता रहता है। सभी दलों में किसी न किसी स्तर का परिवारवाद, वंशवाद है, भाजपा में भी।

-शशि थरूर, कांग्रेस सांसद

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




"VISIT YOUR NEAREST NEXA DEALERSHIP TO AVAIL EXCITING BENEFITS."

Scan to explore NEXA World

Scan to chat on WhatsApp

**RAIPUR: NEXA VIDHAN SABHA ROAD** (VISHWABHARTI AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 6262620047), **NEXA ONE RING ROAD** (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9926127774), **NEXA MAGNETO** (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160), **BHILAI: NEXA SUPELA** (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9589214824), **DURG**: **NEXA DURG BYPASS** (CHOUHAN AUTOMOBILES LLP. PH: 7909999302), **JAGDALPUR**: **NEXA JAGDALPUR** (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160).

Contact us at **1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA]** and **visit www.nexaexperience.com** to book online.

*Terms & conditions apply. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 31st March'24 or till stocks last. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities.






डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## डाइट में बदलाव करने से पेट दर्द में मिलेगा आराम



**मेरी उम्र 46 वर्ष है। कुछ दिनों से पेट में ऐंठन होती रहती है। कुछ खाने का मन नहीं होता है। ऐसा क्यों हो रहा है, प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-अभिजीत, डोंगरगढ़**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित हो गई है। सबसे पहले काम यह करें कि आप तला-भुना खाना बंद कर दें और बाजार के खाने से परहेज करें। इसके साथ ही लंच में दही या छाछ शामिल करें और सलाद जरूर खाएं। रात में कोशिश करें कि खाना हल्का खाएं और सोने से 3 घंटे पहले खाना खा लें। इस तरह खान-पान में बदलाव करने से आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 64 वर्ष है। मुझे बार-बार यूरिन इंफेक्शन हो जाता है। ऐसा क्यों होता है? इससे बचाव के लिए क्या करना चाहिए?**

**-जगदीप, करनाल**

आपको सबसे पहले कोशिश यह करनी चाहिए कि किसी भी जगह यूरिन पास नहीं करना चाहिए। कई बार गंदी जगह यूरिन पास करने से भी इंफेक्शन हो जाता है। इसके साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विटामिन-सी यानी खट्टे फल खाएं। इसके बाद भी आराम न मिले तो जरूर आपको एक बार नेफ्रोलॉजिस्ट से संपर्क करना चाहिए।

**मेरी उम्र 57 वर्ष है। हर साल बदलते मौसम में मुझे खांसी, जुकाम जैसी समस्या हो जाती है। इसका क्या उपचार है और इससे बचाव के लिए क्या सावधानियां बरतनी चाहिए?**

**-नरेश, भोपाल**

इस तरह की समस्या काफी लोगों में देखी जाती है, उनको मौसम बदलते ही सर्दी, जुकाम या खांसी शुरू हो जाती है। वास्तव में यह एलर्जी होती है। इससे बचने के लिए आप अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी बढ़ाएं। साथ ही इस मौसम में जितना संभव हो सुबह- शाम की ठंड में एक्स्पोजर कम से कम करें। कूलर, एसी से दूर रहें। अधिक परेशानी होने पर आप डॉक्टर से संपर्क कर एंटी एलर्जिक दवा खा सकते हैं।

**मेरे पिता की उम्र 81 वर्ष है। उनकी डाइट तो नॉर्मल है लेकिन कुछ दिनों से बहुत गुमसुम रहते हैं। पहले वॉकिंग पर जाते थे, अब नहीं जाते। कृपया बताएं हमें क्या करना चाहिए?**

**- दीपचंद, भिलाई**

आप यह जानने की कोशिश करें कि पिछले कुछ समय में ऐसा क्या हुआ है, जिसकी वजह से वो गुमसुम रहने लगे हैं? इसका कारण जानने की कोशिश करें और उसका समाधान निकालें। अगर बातचीत से कारण पता ना चल रहा हो तो जरूर आपको एक बार मनोरोग चिकित्सक से संपर्क कर लेना चाहिए। वह समस्या का कारण जानकर सही ट्रीटमेंट शुरू करेंगे।

**मेरी उम्र 39 वर्ष है। कुछ दिनों से रात के समय मेरे सीने में हल्का दर्द और जलन महसूस होती है। इसकी क्या वजह हो सकती है? प्लीज बताएं।**

**-नीतेश, जबलपुर**

आप दो तरह की समस्या बता रहे हैं, सीने में दर्द होने का अलग कारण हो सकता है और जलन होने का अलग कारण हो सकता है। कई बार पाचन क्रिया ठीक न होने से जलन संबंधी समस्या होती है लेकिन आप बता रहे हैं कि सीने में दर्द है, इसलिए आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए और कुछ शुरुआती जांच करा कर दर्द का कारण पता लगाना चाहिए। अगर कोई परेशानी है तो उसका तुरंत उपचार करना चाहिए।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मेरी डाइट बहुत कम है, वीकनेस लगती है। हालांकि वेट 60 केजी है। क्या मुझे ज्यादा खाना चाहिए? हेल्दी रहने के लिए डाइट में क्या चीजें शामिल करूं?**

**-अविरल, जींद**

सबसे पहले आप यह देखें कि आपको काम के दौरान थकान तो नहीं लगती, सुस्ती तो नहीं आती? अगर ऐसा नहीं है तो आपको चिंता की कोई बात नहीं है। अगर ऐसी समस्या आ रही है तो जरूर आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वे कुछ जांच कराकर भूख कम लगने का कारण पता लगाएंगे, इसके साथ ही आप डायटिशियन से संपर्क कर अपने खाने का चार्ट बनवा लें, उसके अनुसार ही नियमित रूप में खाना खाएं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. इमरान नूरानी
कंसल्टेंट चीफ साइकोलॉजिस्ट-सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली

स्पेशलः 2 अप्रैल-वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे

डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनिया के कुल बच्चों में से एक प्रतिशत ऑटिज्म से ग्रस्त होते हैं, लेकिन इनकी संख्या करोड़ों में है। ऐसे में जरूरी है कि पैरेंट्स और सोसाइटी ऐसे बच्चे की उनकी जरूरत के अनुसार प्रॉपर केयर करें। इस बारे में बचपन में ही कुछ लक्षणों को पहचानना बहुत जरूरी है। यहां जानिए, इससे जुड़ी बहुत महत्वपूर्ण बातें।

## ऑटिस्टिक बच्चे स्मार्ट केयर की है जरूरत

ऑटिज्म बचपन से ही पाया जाने वाला न्यूरो-बिहेवियरल डेवलपमेंट स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर है, जो बच्चे में मस्तिष्क के विकास में विकार होने की वजह से होता है और जिंदगी भर बना रहता है। यह विकार बच्चे के मानसिक विकास को अवरुद्ध कर देता है, उसके व्यवहार और रोजमर्रा की गतिविधियों को प्रभावित करता है। इसकी वजह से इन बच्चों के लिए जिंदगी जीना बहुत चुनौतीपूर्ण हो जाता है। नॉर्मल बच्चों की अपेक्षा इनका व्यवहार अलग होता है, जिसकी वजह से दूसरों के साथ ये तालमेल नहीं बिठा पाते। ऑटिज्म के बारे में जानकर अकसर पैरेंट्स परेशान होने लगते हैं। लेकिन अगर वे उनके अलग व्यवहार को पहचान लेते हैं और यथाशीघ्र उपचार शुरू करवाते हैं तो समुचित कदम उठाने पर ऑटिस्टिक बच्चे को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है।

### पैरेंट्स रहें अवेयर

ऐसे विशिष्ट बच्चों और उनकी समस्याओं के प्रति माता-पिता को ही नहीं, समाज को भी जागरूक करने की जरूरत है, ताकि ऑटिस्टिक बच्चे उनके साथ सामंजस्य बिठा पाएं और अच्छा जीवन जी सकें। इसी उद्देश्य से प्रतिवर्ष 2 अप्रैल को वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे मनाया जाता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, बच्चों में पाई जाने वाली विकासात्मक विकलांगता के प्रमुख कारणों में ऑटिज्म डिसऑर्डर तीसरे स्थान पर आता है। 2018 के आंकड़ों के हिसाब से दुनिया भर में 59 बच्चों में से एक बच्चा ऑटिज्म से पीड़ित है। हमारे देश में करीब एक करोड़ बच्चों में यह विकार मौजूद है। इस बारे में कुछ बातों को समझना जरूरी है।

### इन लक्षणों पर करें गौर

आमतौर पर 2-3 साल की उम्र के बच्चों में ऑटिज्म का पता चलने लगता है, जब वे दूसरों के साथ बोलना और इंटरैक्ट होना शुरू करते हैं। लेकिन इनमें बचपन से ही कुछ विशिष्ट व्यवहार देखने को मिलने लगते हैं, जिन्हें पैरेंट्स को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।




**डेवलपमेंट माइलस्टोंस न दिखनाः** पैरेंट्स को अपने 1-2 साल के बच्चे के डेवलपमेंट माइलस्टोंस के बारे में जानकारी होना जरूरी है। अगर बच्चा इन माइलस्टोंस पर खरा न उतर रहा हो, तो उन्हें डेवलपमेट इंटरवेंशन के लिए जल्द ले जाना चाहिए। जैसे- उम्र के हिसाब से बच्चा बोलना, उठना-बैठना-चलना जैसी एक्टिविटीज को नहीं कर पा रहा हो या ग्रोथ के हिसाब से अपनी समझ, बोलने या भाषाई विकास और दूसरों के साथ कम्यूनिकेशन न कर पा रहा हो।

**सोशल कम्यूनिकेशन रेस्पॉन्सः** सोशल कम्यूनिकेशन में अगर 3-5 महीने का बच्चा आई कॉन्टेक्ट नहीं करता या उन्हें देख नहीं रहा या पैरेंट्स के पुचकारने के बावजूद स्माइल नहीं देता। या फिर जब बच्चा पैरेंट्स के साथ ठीक तरह से ट्रैकिंग नहीं करता यानी, बच्चे के साथ खेलने पर वह मूवमेंट पर ध्यान नहीं देता, दूसरी तरफ देखता रहता है। इसी तरह 12-16 महीने का होने पर जब बच्चा कोई नई चीज या खिलौना देने पर कोई रेस्पॉन्स नहीं देता, खुशी जाहिर नहीं करता या स्माइल तक नहीं करता।

**कम्यूनिकेशन प्रॉब्लमः** पैदा होने के साथ ही बच्चा भूख लगने पर चिल्लाने या रोने के रूप में पैरेंट्स के साथ कम्यूनिकेशन करता है। 6 महीने का होते-होते कुछ आवाजें (म या ब) निकालना या बड़बड़ाना शुरू करता है। लेकिन ऐसा न करने के साथ ही 12-16 महीने तक अगर अपने पैरेंट्स को पहचानकर मम्मा-पापा जैसे 20-30 मीनिंगफुल शब्द बोलना शुरू नहीं करता है। अपनी दुनिया में ही खोया रहता है। अगर बच्चा आपको देखकर या आपके बुलाने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देता, किसी तरह की आवाज नहीं निकालता या बड़बड़ाता नहीं है या कोई मीनिंगफुल शब्द नहीं बोल पाता तो यह ऑटिज्म होने का संकेत हो सकता है।

**रिपीटिटिव बिहेवियर या रिस्ट्रिक्टिव पैटर्नः** आमतौर पर बच्चे किसी भी खिलौने से खेलते वक्त पूरे खिलौने के साथ खेलते हैं। जबकि ऑटिस्टिक बच्चे पूरे खिलौने के साथ न खेलकर उसके किसी हिस्से के साथ खेलते रहते हैं जैसे खिलौने में बनी आंख या कान के साथ। या फिर खिलौने के साथ एक पैटर्न में ही खेलता रहता है। कुछ बच्चे अपनी अंगुलियों के साथ ही खेलते रहते हैं। सबसे बड़ी बात कि वो इतना ध्यानमग्न होकर खेलता है कि उसे आस-पास होने वाली एक्टिविटीज या हमारे बुलाने का भी पता नहीं चलता।



**लिमिटेड इंटरेस्टः** ऑटिस्टिक बच्चे किसी एक खिलौने के साथ ही खेलना पसंद करते हैं या फादर-मदर में से किसी एक के पास रहना पसंद करते हैं। अगर पैरेंट उससे वो खिलौना बदल देते हैं या बहला-फुसला कर दूसरे पैरेंट के पास जाने के लिए कहते हैं, तो वह उसका प्रतिरोध करता है। किसी भी तरह के बदलाव को स्वीकार नहीं करता, रोने-चिल्लाने लगता है।

**एबनॉर्मल सेंसिटिविटीः** ऑटिस्टिक बच्चे या तो हाइपो-सेंसिटिव होते हैं या हाइपर सेंसिटिव। उनके सेंस ऑर्गन इतने सेंसिटिव होते हैं कि वो तेज आवाज या तेज रोशनी को बर्दाश्त नहीं कर पाते। डरने या रोने लगते हैं।

### क्या हैं कारण

हालांकि अभी तक ऑटिज्म होने के पीछे कोई मेडिकल मार्कर नहीं हैं, जिससे सामान्य जांच से इसका पता चल सके। फिर भी अध्ययनों से पता चला है कि ऑटिज्म के पीछे जेनेटिक या जींस में क्रोमोसोम की गड़बड़ी की वजह से होता है। न्यूरोइमेजिंग अध्ययनों से पता चला है कि ऑटिज्म, बच्चों में ब्रेन वॉल्यूम में गड़बड़ी की वजह से होता है। बच्चे की बिहेवियरल-डेवलेपमेंटल मूल्यांकन करके ही ऑटिज्म की स्थिति का पता चलता है।

### कैसे होता है डायगनोज

मेडिकल प्रोटोकॉल के हिसाब से बच्चों में ऑटिज्म सिंड्रोम डायगनोज करने के लिए डॉक्टरों की मल्टीडिस्पलिनरी टीम होनी जरूरी है, जिसमें डेवलपमेंटल पीडियाट्रिशियन, साइकोलॉजिस्ट, स्पेशल एजुकेटर, ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट, स्पीच थेरेपिस्ट और काउंसलर को शामिल करना जरूरी है। सबसे पहले ऑटिज्म की आशंका वाले बच्चे की स्क्रीनिंग की जाती है। उसके बाद बच्चे के विकासात्मक विलंब और अलग व्यवहार को विभिन्न तरीकों से परखा जाता है। डॉक्टरों की टीम के मूल्यांकन के बाद यह पता चलता है कि ऑटिज्म किस स्टेज (माइल्ड, मॉडरेट या सीवियर) पर है। ये विशेषज्ञ विभिन्न थेरेपी के जरिए बच्चे के व्यवहार, सीखने-बोलने की क्षमता में सुधार लाकर उसे समाज के साथ सामंजस्य स्थापित करने योग्य बनाते हैं। *

**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**

### प्यार से रखें बच्चे का ध्यान



**चूंकि ऑटिज्म** एक सिंड्रोम है। अर्ली डायगनोज होने पर मल्टी-डिसिप्लिनरी इंटरवेंशन थेरेपी की मदद से उपचार शुरू किया जाता है, तो ये बच्चे आत्मनिर्भर हो सकते हैं। खासकर जिन बच्चों में 0-3 साल की उम्र में ऑटिज्म डायगनोज हो जाता है, और जल्दी उपचार शुरू हो जाता है, तो बहुत अच्छे परिणाम मिल सकते हैं, क्योंकि इस उम्र में बच्चे के मस्तिष्क का विकास हो रहा होता है, उनमें बड़े बच्चों की तुलना में सुधार की गुंजाइश ज्यादा होती है। बच्चे का डेवलपमेंट लेवल और ऑटिज्म की गंभीरता के आधार पर टारगेट तय किया जाता है। मल्टी-डिसिप्लिनरी एप्रोच अपनाई जाती है। बच्चे की उम्र, स्थिति और जरूरत के हिसाब से लक्ष्य निर्धारित किए जाते हैं। उनके हिसाब से वैज्ञानिक तरीके से अलग-अलग पैटर्न अपनाए जाते हैं। बच्चे के एक-एक बिहेवियर में सुधार लाकर अगली स्किल सिखाई जाती है। धीरे-धीरे डेवलपमेंट-माइलस्टोन प्राप्त करने में मदद की जाती है। इसके लिए ऑक्यूपेशनल, स्पीच थेरेपी, बिहेवियरल, एजुकेशनल थेरेपी की मदद ली जाती है।

बच्चे को ऑटिज्म की स्थिति से निकालने के लिए स्मार्ट केयर जरूरी है। हालांकि ऑटिस्टिक बच्चे का लालन-पालन करना पैरेंट्स के लिए चुनौतीपूर्ण होता है। भावनात्मक रूप से कमजोर पड़ने के बजाय उनके लिए पहले अपना ध्यान रखना और मानसिक रूप से मजबूत होना जरूरी है। सकारात्मक रवैया अपनाते हुए पैरेंट्स को बच्चे की देखभाल के लिए समुचित कदम उठाने चाहिए। पूरे धैर्य के साथ बच्चे के साथ समय बिताना चाहिए और छोटी-छोटी चीजें सिखानी चाहिए ताकि वह आत्मनिर्भर हो सके और समाज में सामंजस्य स्थापित करने योग्य बन सके।

औषधीय फल

## खीरा एक लाभ अनेक

खीरा किसी परिचय का मोहताज नहीं है। आमतौर पर सलाद में तो खीरा शामिल होता ही है। ठंडी तासीर वाले खीरे का गर्मियों में सेवन भरपूर किया जाता है। ऐसा करना बहुत लाभकारी है। दरअसल, गर्मियों में आमतौर पर शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जो कई बार गंभीर समस्या का रूप भी ले सकता है। लेकिन खीरा का सेवन शरीर में पानी की कमी नहीं होने देता यानी डिहाइड्रेशन से हमें बचाता है। इसका सेवन दोपहर के भोजन के साथ करना हितकर है। क्षेत्रीय भाषाओं में यह भिन्न-भिन्न नामों से जाना जाता है, जैसे काकड़ी, काकरी, ककनाई, संतेक, वैलारीकायी, डोसाकायी, वेल्लारी, सासा और अंग्रेजी में ककुंबर आदि। खीरे में मिलने वाले प्रमुख तत्व हैं-विटामिन ए, बी1,बी6, सी, डी, पोटेशियम, फास्फोरस और आयरन।

जब गर्मियों में लू चलती है, तब इसका सेवन बहुत लाभकारी होता है। इसे कच्चा ही खाया जाता है। यह शीतल, मधुर, और गर्मी को शांत करने में सक्षम है। कुछ लोग इसको छिलके सहित खाना लाभकारी मानते हैं। 90% पानी का भंडार वाला खीरा पाचनतंत्र को मजबूत करता है। अब जानिए खीरे के औषधीय गुणों के बारे में-



- शीतलता का भंडार होने के कारण शरीर को डिहाइड्रेशन (पानी की कमी) से बचाता है।
- मोटापे से परेशान लोग इसका सेवन करें तो लाभ मिलेगा।
- डायबिटीज (मधुमेह) के रोगियों के लिए इसका सेवन हितकर है।
- इसमें पानी की मात्रा अधिक और कैलोरी कम होने के कारण लंबे समय तक भूख नहीं लगती, इस कारण शरीर का बढ़ता वजन नियंत्रित होता है।
- स्वस्थ त्वचा के लिए और चमकते चेहरे के लिए इसको खाना और चेहरे पर लगाना लाभकारी है।
- इसका नियमित सेवन (डिप्रेशन) अवसाद और कैंसर जैसी घातक बीमारी में रोकथाम करता है।
- खीरे के जूस का सेवन शरीर को अंदर और बाहर से मजबूत बनाता है। पुरानी कब्ज से छुटकारा दिलाने में सक्षम है। एसिडिटी, गैस और छाती पेट की जलन में भी इसका सेवन हितकर है।
- इसका सेवन (ब्लड प्रेशर) रक्तचाप को नियंत्रण करने में मददगार है।
- नियमित रूप से मुंह से आने वाली बदबू को समाप्त करने के लिए इसका एक टुकड़ा मुंह में रखना फायदेमंद है।*

**-वैद्य हरिकृष्ण पांडे 'हरीश'**

घरेलू उपचार

शिखर चंद जैन

आमतौर पर कोई भी दर्द होने पर लोग तुरंत पेन किलर खा लेते हैं। लेकिन इससे कई अन्य समस्याएं जन्म ले सकती हैं। ऐसे में आप कुछ औषधियों का सेवन कर सकते हैं। यहां बता रहे हैं कुछ उपयोगी औषधियों के गुणों के बारे में।

## हर्ब मिटाए कई तरह के दर्द



अकसर रिसर्च में दावा किया जाता है कि दर्द निवारक एलोपैथिक दवाओं के कई साइड इफेक्ट होते हैं। इनका किडनी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए अकसर इनका सेवन न करने या बहुत कम करने की सलाह दी जाती है। आयुर्वेद शास्त्र में गठिया, जोड़ों के दर्द, पेट दर्द से लेकर तरह-तरह के अन्य दर्द के निवारण के लिए विभिन्न हर्ब्स का सेवन करने को प्रभावी बताया गया है।

**सोंठः** सूखी हुई अदरक को ही सोंठ कहा जाता है। अपने एंटीइन्फ्लेमेटरी गुणों के कारण यह दुनिया भर के आयुर्वेद विशेषज्ञों की प्रिय हर्ब है। लोग इसको मसाले और औषधि के रूप में तो इस्तेमाल करते ही हैं, चाय में डालकर भी पीते हैं ताकि सर्दी-जुकाम की रोकथाम की जा सके। दर्द निवारक और एंटीइन्फ्लेमेशन के रूप में आयुर्वेद विशेषज्ञ इसका इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं। इसमें कई विटामिन और मिनरल भी होते हैं। इसके सेवन से जोड़ों और मसल्स के दर्द में राहत मिलती है।



**अश्वगंधाः** अश्वगंधा का प्रयोग भारतीय ही नहीं पारंपरिक चीनी चिकित्सा में भी बहुतायत से किया जाता है। मेडिकल साइंस के एक्सपर्ट भी नपुंसकता के मामलों में इसके चमत्कारिक असर की बात मानते हैं। साथ ही इसका उपयोग स्ट्रेस, कब्ज, रुमेटिज्म जैसी अन्य कई क्रॉनिक बीमारियों के इलाज में भी किया जाता है। जोड़ों के दर्द में होने वाली परेशानी से इसके सेवन से इन्फ्लेमेटरी तत्व काफी कम हो जाते हैं। इतना ही नहीं इसके सेवन से थकान, स्ट्रेस और कमजोरी जैसी समस्याओं में भी काफी फायदा मिलता है।

**गिलोयः** अमृता, गिलोय, गुडुची आदि कई नाम हैं इस औषधीय जड़ी के। अपने नाम के मुताबिक ही यह अमृत सरीखे गुणों से भरी होती है। कोरोना कल में इम्यूनिटी बूस्टर के रूप में इसकी पहचान दुनिया भर में स्थापित हो गई। जाने-माने आयुर्वेद विशेषज्ञ गठिया और आर्थराइटिस जैसे ऑटोइम्यून डिसऑर्डर के इलाज के लिए इसका उपयोग करने की सलाह देते हैं। जोड़ों के दर्द में गिलोय के तने के चूर्ण को दूध में उबालकर पीने से तुरंत राहत मिल जाती है। रूमेटाइड अर्थराइटिस के इलाज के लिए इसका सेवन अदरक के साथ करने की सलाह दी जाती है।



**शल्लकीः** शल्लकी के नियमित सेवन से हार्ट डिजीज, कोलेस्ट्रॉल और आर्थराइटिस के दर्द में काफी आराम मिलता है। इसमें एंटी स्क्लेरोटिक गुण होते हैं यानी, इसके सेवन से धमनियों में कड़ापन नहीं आता। मांसपेशियों में तीव्र दर्द या रूमेटाइड अर्थराइटिस, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, ओस्टियोआर्थराइटिस आदि में इसके सेवन से आराम मिलता है।



**अरंडीः** मूत्राशय, स्नायुतंत्र, स्त्रियों के प्रजनन और पाचन तंत्र में किसी प्रकार की इन्फ्लेमेशन या दर्द के लिए अरंडी यानी कैस्टर का प्रयोग करना फायदेमंद बताया जाता है। इसमें दर्द निवारक, ठंडक देने वाले गुण होते हैं। अरंडी का तेल लगाने से बढ़े हुए वात, दर्द और सूजन से आराम मिलता है। साइटिका और आर्थराइटिस के दर्द में भी इसके तेल की मालिश की जाती है। इसे वात विकारों का राजा कहते हैं। यह ज्यादातर वात रोगों के इलाज में असरकारक है।

यहां बताई गई औषधियों का सेवन निश्चित ही कई तरह के दर्द में लाभकारी है। लेकिन किसी औषधि का सेवन करने से पहले आयुर्वेद विशेषज्ञ या अनुभवी वैद्य से सलाह जरूर कर लें।*

**(वैद्य प्रमोद शर्मा से बातचीत पर आधारित)**



**खबर संक्षेप**

### सोना 150 रुपए मजबूत, चांदी में 250 रुपए की गिरावट



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 150 रुपये की तेजी के साथ 67,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### दुनिया का सबसे मजबूत इंश्योरेंस ब्रांड बनी एलआईसी




**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम का परचम पूरी दुनिया में फहरा गया है। लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एलआईसी) को पूरी दुनिया का सबसे मजबूत इंश्योरेंस ब्रांड चुना गया है। एलआईसी ने दुनिया की सभी दिग्गज बीमा कंपनियों को पीछे छोड़कर लिस्ट में पहला स्थान हासिल किया है।

### बैंक शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 526 अंक चढ़ा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 526 अंक की अच्छी बढ़त में रहा। एनएसई निफ्टी भी 22,100 अंक के ऊपर पहुंच गया। मुख्य रूप से बैंक, वाहन और पेट्रोलियम शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही।तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 526.01 अंक की बढ़त के साथ 72,996.31 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 668.43 अंक तक चढ़ गया था।

# आज से बदल रहा ट्रेडिंग का तरीका, सूची में टाटा से लेकर बजाज तक 25 शेयर

एजेंसी ▶▶| मुंबई


अगर आप शेयर बाजार में ट्रेडिंग करते हैं तो ये खबर आपके काम की है। दरअसल, 28 मार्च यानी गुरुवार से T+0 सेटलमेंट की शुरुआत होने वाली है। इसके पहले चरण में 25 शेयर उपलब्ध होंगे।

T+0 सेटलमेंट का मतलब है कि निवेशक द्वारा शेयर बेचने वाले दिन ही उसके बैंक खाते में पैसे आ जाएंगे। इसी तरह, शेयर खरीदने की प्रक्रिया भी उसी कारोबारी दिन पूरी हो जाएगी। आसान भाषा में समझें तो एक ही कारोबारी दिन में आप शेयर खरीद या बेच सकेंगे। इसके पैसे भी आपके बैंक अकाउंट में आ जाएंगे।

## बेचने वाले दिन ही खाते में पैसे आ जाएंगे, सेबी तीन माह बाद इसकी समीक्षा करेगी

### सेबी ने किया था ऐलान

हाल ही में सेबी ने T+0 रोलिंग सेटलमेंट के बीटा एडिशन की शुरुआत की घोषणा की थी। सेबी तीन महीने और छह महीने के अंत में प्रगति की समीक्षा करेगा और इसके बाद आगे फैसला लिया जाएगा। T+0 सेटलमेंट मौजूदा T+1 सेटलमेंट के समानांतर चलेगा। T+1 सेटलमेंट के तहत निवेशक द्वारा शेयर की ट्रेडिंग के अगले कारोबारी दिन उसके पैसे बैंक अकाउंट में आते हैं।



### क्रिप्टोकरेंसी जैसे विकल्प बढ़ना एक कारण

इस महीने एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के कार्यक्रम के मौके पर सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने कहा था कि बाजार नियामक का तेजी से सेटलमेंट का कदम क्रिप्टोकरेंसी जैसे विकल्पों के बढ़ने के कारण है। उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारा विनियमित बाजार प्रतिस्पर्धी हो और निवेशकों को एक समान लाभ दे।

### सूची में शामिल शेयर

बीएसई की ओर से T+0 सेटलमेंट के लिए एक सूची जारी की गई है। इस सूची में बजाज ऑटो, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, जेएसडब्ल्यू स्टील, एलटीआईमाइंडट्री, एमआरएफ, भारतीय स्टेट बैंक, वेदांता, अंबुजा सीमेंट, अशोक लीलैंड, बैंक ऑफ बड़ौदा, बीपीसीएल, बिड़लासॉफ्ट, सिप्ला, कोफोर्ज, डिवीज लैबोरेटरीज, इंडियन होटल्स, एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस शामिल हैं।

### शेयर बीटा एडिशन का हिस्सा होंगे

इसके अलावा नेस्ले इंडिया, एनएमडीसी, ओएनजीसी, पेट्रोनेट एलएनजी, संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल, टाटा कम्युनिकेशंस, ट्रेंट, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भी T+0 सेटलमेंट के बीटा एडिशन का हिस्सा होंगे।

## मकसद प्रतिस्पर्धा को प्रभावित तो नहीं कर रहे

# कुछ वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों की जांच कर रहा है प्रतिस्पर्धा आयोग : चेयरपर्सन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की प्रमुख रवनीत कौर ने कहा है कि सीसीआई कुछ वित्तीय प्रौद्योगिकी इकाइयों के खिलाफ जांच कर रहा है। इसका मकसद यह पता लगाना है कि प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने के उनके तरीके प्रतिस्पर्धा को प्रभावित तो नहीं कर रहे हैं।

चेयरपर्सन ने यह भी कहा कि नियामक प्रतिस्पर्धी डिजिटल बाजार सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है। आयोग विभिन्न संशोधित नियमों, डिजिटल बाजार में प्रतिस्पर्धा-रोधी गतिविधियों के खिलाफ व्यवस्था के साथ अनुचित व्यापार के तौर-तरीकों पर अंकुश लगाने के अपने प्रयासों को मजबूत कर रहा है।

- नियामक डिजिटल बाजार सुनिश्चित करने उठा रहा कदम
- अनुचित व्यापार के तौर-तरीकों पर अंकुश लगाने प्रयास
- प्रतिस्पर्धा कानून से विभिन्न इकाइयों में जागरूकता बढ़ी




### प्रतिस्पर्धा कानून को लेकर बढ़ी जागरूकता

प्रतिस्पर्धा आयोग की चेयरपर्सन रवनीत कौर ने बातचीत में कहा कि प्रतिस्पर्धा कानून को लेकर विभिन्न इकाइयों के बीच जागरूकता बढ़ी है।

### आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी

इस बारे में और जानकारी दिये बिना, उन्होंने यह भी कहा कि नियामक फिल्म उद्योग खासकर फिल्म वितरकों से संबंधित कुछ मामलों को देख रहा है। कौर के अनुसार, बाजार खराब करने की गतिविधियों को दूर कर और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने से अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

### डिजिटल बाजार से संबंधित मामलों में तेजी

चेयरपर्सन ने कहा, 'यह सब विनियमन और स्वतंत्रता के बीच सही संतुलन बनाने को लेकर है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि बाजार प्रतिस्पर्धी बना रहे और यह सभी संबद्ध पक्षों के लिए निष्पक्ष रूप से काम करे।'

### फिनटेक क्षेत्र की कुछ कंपनियों की जांच

कौर ने कहा नियामक का ध्यान बड़ी तकनीकी कंपनियों के साथ-साथ वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) और ऑनलाइन मध्यस्थ सेवा प्रदाताओं सहित विभिन्न क्षेत्रों पर है। कौर ने कहा, 'सीसीआई फिनटेक क्षेत्र की कुछ इकाइयों की जांच कर रहा है। हम देख रहे हैं कि फिनटेक कंपनियां कैसे प्रौद्योगिकी का लाभ उठा रही हैं और क्या इसके जरिये वे बाजार में प्रतिस्पर्धा को प्रभावित कर रही हैं? मामले में जांच जारी है।'

### गूगल पर फैसले के बाद बाजार पर प्रभाव

गूगल के खिलाफ सीसीआई के एक महत्वपूर्ण फैसले के बाद बाजार पर पड़े प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर कौर ने कहा, 'बहुत बदलाव आया है और कंपनियों को यह एहसास हो रहा है कि वे प्रतिस्पर्धा रोधी गतिविधियों में शामिल होकर बच नहीं सकती हैं। हम नियमों के क्रियान्वयन के साथ-साथ अनुकूल परिवेश बनाने पर भी ध्यान दे रहे हैं। कुल मिलाकर, इन सबका एक सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।'

### अमेजन, जोमैटो जैसी कंपनियां

कॉरपोरेट मामलों के राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने राज्यसभा में अगस्त, 2023 में प्रश्नों के लिखित उत्तर में कहा था कि अमेजन, फ्लिपकार्ट, जोमैटो, स्विगी, व्हाट्सएप और फेसबुक, एप्पल तथा गूगल जैसी कंपनियों के खिलाफ जांच वर्तमान में सीसीआई के समक्ष लंबित है।

# भारत की पहली मेडिकल डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'इंसाइडर' नारायणा हेल्थ ने की लांच




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में हार्डवेयर की दुकान के मालिक विकास अग्रवाल के साथ एक बड़ा हादसा हुआ था, जब वे काम से लौट रहे थे। हादसे के बाद जीवित रहने एवं इलाज के लिए उन्हें कई अस्पतालों में ले जाया गया। वह सरकारी अस्पताल भी गए, उनकी बहुत सारी हड्डियां टूट गई थीं, रक्त काफी बह रहा था और उसके कई अंगों को नुकसान पहुंचा था। ऐसा लग रहा था जैसे वह ज्यादा देर तक जीवित नहीं रह पाएंगे।

- 'इंसाइडर' मरीज के दृढ़ संकल्प और नारायणा हेल्थ के उत्कृष्ठ चिकित्सा की कहानी

तब उन्हें रायपुर के एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल लाया गया। जहां अत्यंत दृढ़ संकल्प और उत्कृष्ट चिकित्सा देखभाल के साथ, उनकी कई सर्जरी हुई और लंबे समय तक गहन देखभाल में रहे। यह असंभव लगने पर भी वह रिकवर करने में सक्षम रहे। उनकी लगभग 9 से 10 हड्डियां टूट गई थीं, जिसमें पसलियों की एक हड्डियां बहुत खराब भी हो गई थीं। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और डॉक्टर की कोशिश एवं इलाज से वह ठीक हो गए। अब वह पूरी तरह स्वस्थ हैं। विकास अग्रवाल की कहानी अब नारायणा हेल्थ के एक नए शो 'इंसाइडर' में शामिल है। जिसे नारायणा हेल्थ ने लांच किया है। यह एक ऐसा शो है जो वास्तविक चिकित्सा आपात स्थितियों के बारे में बात करता है। यह दिखाता है कि आपातकाल के पहले महत्वपूर्ण घंटे में क्या होता है। किसी की जान बचाने के लिए यह हर घंटा महत्वपूर्ण है। 'इनसाइडर' को आप जियो सिनेमा, जियो टीवी, और टीवी प्लस पर देख सकते हैं। इसमें 10 एपिसोड हैं जो मरीजों और उनके परिवारों की कहानियों को अधिक व्यक्तिगत और वास्तविक बनाते हैं।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152




**मजदूर**
आवश्यकता है- अभनपुर, रायपुर के पास लकड़ी के मिल में लोडिंग इत्यादि कार्य करने हेतु लगभग 40 स्थाई मजदूरों (महिला/ पुरुष) की आवश्यकता है आवास निःशुल्क सम्पर्क करें- 7240806450, 7415196660. (RO-33434)

**दुकान कार्य**
आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु पाँचवी/आठवीं/दसवीं पास लड़को की आवश्यकता है। इच्छुक पूर्ण विवरण सादे कागज में (मोबाइल नंबर) सहित संपर्क करें: शिल्पा सेल्स A-10 आरडीए काम्पलेक्स शारदा चौक रायपुर(RO-1249)

**ड्रायवर/चौकीदार**
आवश्यकता है- सांडिल्य पब्लिक स्कूल सेलूद दुर्ग में ड्राइवर सह चौकीदार की आवश्यकता है परिवार के लिए पक्का आवास मुफ्त सम्पर्क करे-98931-17339.(RO-6325)

**आवश्यकता**
आवश्यकता है- हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं, 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिक्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें ऑफिस रायपुर : 7772011223. (RO-3919)

**केयर टेकर**
आवश्यकता है- बेबीकेयर/ बुजुर्ग केयर हेतु लड़कियों /महिलाओं एवं पुरुषों की तत्काल आवश्यकता है, वेतन 10 से 15 हजार संपर्क करें मोबाइल नंबर:- फैमिली केयर, रायपुर, 7389066521.(RO-2617)

क्लासीफाईड

**Business व्यापार**
व्यापार- अब शुरू करें स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 8602908677, 7477221345, बिलासपुर 9993444253, 8359913999, रायगढ़- 7869755871.(RO-2586)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**Property प्रापर्टी**
प्लॉट उपलब्ध है- सुनहरा अवसर होंडा एक्टिवा फ्री बोरसी दुर्ग में 799/-, 591/- Sqft, प्लाट उपलब्ध है 7582001555, 9074111174. (आगे क.-6055)

**Astrology ज्योतिष**
ज्योतिष - नारायण शास्त्री घर बैठे समाधान 7347259119 प्यार में धोखा, वशीकरण, सौतन दुश्मन छुटकारा लवमैरिज, रूठें मानना, ग्रहक्लेश, किया कराया, दवाई ना लगना, कारोबार, प्रेमी पति संतान अनबन (समस्या कैसी भी जड़ से खत्म) 7347259119. (RO-12599)

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152




**Appointment आवश्यकता**

**डिलीवरी कार्य**
आवश्यकता है- स्टेशनरी दुकान चौबे कॉलोनी रायपुर में डिलीवरी कार्य करने हेतु नवयुवको की आवश्यकता अनुभवी या फ्रेशर उम्र 18 से 30 9754247247. (RO-1899)

**सफाई कर्मचारी**
आवश्यकता है- साफ-सफाई के लिए 4 लड़कों की एवं आया बाई- 4, की शीघ्र आवश्यकता है, रहने की सुविधा, संपर्क:- बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर फोन- 0771-2425009.(RO-2615)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**वेल्डर/फिटर/हेल्पर**
आवश्यकता है- ऑल छत्तीसगढ़ ऑफिस कार्य, वेल्डर, कटर, फिटर, हेल्पर, इलेक्ट्रीशियन, कंप्यूटर ऑपरेटर, ड्राइवर, चपरासी, गार्ड, स्टोर कीपर, सुपरवाइजर, इंजीनियर, सभी 5वीं से ग्रेजुएट वेतन 12000- 40000/- परमानेंट कंपनी हेतु मेडिकल +रहना फ्री व्यापार विहार बिलासपुर. 9111965184.(RO-2610)

**सेल्समैन/मैकेनिक**
आवश्यकता है- आवश्यकता है ई-रिक्शा शोरूम रायपुर हेतु शोरूम मैनेजर/ सेल्समैन/ सेल्सगर्ल/ टैली ऑपरेटर /मैकेनिक की आवश्यकता है। वेतनयोग्यता अनुसार अनुभवी को प्राथमिकता संपर्क करें:- 8602250000.(RO-1446)

**पार्टटाइम कर्मचारी**
आवश्यकता है- नीलमलाज पावरहाऊस बसस्टेन्ड भिलाई पार्टटाइम कर्मचारी 8 वी पास रात्री लाज में सोये समय शाम 5 से सुबह 12 बजे तक। वेतन 7500 प्रतिमाह। सम्पर्क:- 98271-93084, 07884216610.(RO-6055)

**ड्रायवर/गृह कार्य**
आवश्यकता है- रायपुर खमारडीह में घर की कार चलाने के लिए अनुभवी ड्राइवर तथा गृह कार्य के लिए महिला की आवश्यकता है एक ही परिवार को प्राथमिकता आवास उपलब्ध सम्पर्क करें- 9579931943. (RO-33463)

# गिफ्ट सिटी के लिए एक्सिस बैंक का मोबाइल एप्लिकेशन पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने एक्सिस बैंक आईबीयू- गिफ्ट सिटी में एनआरआई ग्राहकों के लिए डिजिटल यूएस डॉलर फिक्स्ड डिपॉजिट की शुरुआत करने की घोषणा की। इस शुरूआत के साथ, एक्सिस बैंक गिफ्ट सिटी डिपॉजिट के लिए डिजिटल प्रक्रिया की पेशकश करने वाला पहला बैंक बन गया है। एक्सिस बैंक के एनआरआई ग्राहक अब एक्सिस बैंक के मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन 'ओपन बाय एक्सिस बैंक' के माध्यम से गिफ्ट सिटी में अमेरिकी डॉलर फिक्स्ड डिपॉजिट खोल सकते हैं। इस तरह अब एनआरआई ग्राहकों के लिए अमेरिकी डॉलर फिक्स्ड डिपॉजिट बुक करने की प्रक्रिया बहुत सरल हो जाती है। उन्हें शुरू से आखिर तक डिजिटल पेपरलेस की सुविधा मिलती है और उन्हें किसी तरह का कोई डॉक्यूमेंट फिजिकल फॉर्मेट में पेश नहीं करना होगा।

# सिंघानिया बिल्डकॉन का होली धमाका ऑफर



**रायपुर।** रियल एस्टेट की अग्रणी कंपनी सिंघानिया बिल्डकॉन ने होली के अवसर पर अपने प्रोजेक्ट्स हर्षित गोल्ड सिटी, हर्षित लैंडमार्क, हर्षित हार्मोनी में 8% फ्लेट ऑफर की पेशकश की हैं। जिसका आप 31 मार्च तक फायदा उठा सकते हैं।

- प्राइम लोकेशन पर पाए घर, प्लॉट्स एवं फ्लैट्स

### हर्षित गोल्ड सिटी

अगर आप राजधानी रायपुर में खुद का बंगला बनाने के लिए प्लाट लेना चाहते हैं तो सिंघानिया बिल्डकॉन का हर्षित गोल्ड सिटी लोगो की पहली पसंद हैं। विधानसभा रोड में नरदहा स्थित हर्षित गोल्ड सिटी में 600 से 1700 स्क्वायर फिट साइज के प्लाट उपलब्ध हैं। जिसमें 100 से ज्यादा वर्ल्ड क्लास सुविधाओं के साथ प्लॉट्स मात्रा 9.90 लाख से शुरू हैं। यहां निवास करने वाले परिवारों के लिए 24 घंटे पानी के साथ सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध है।

### हर्षित लैंडमार्क

एम्स हॉस्पिटल हीरापुर स्थित हर्षित लैंडमार्क में स्पॉट बुकिंग पर ऑफर का फायदा उठा सकते हैं। साथ ही आप अपने लिए किफायती कीमत पर 1,2, 3 एवं 4 बीएचके अपार्टमेंट अपने बजट में खरीद सकते हैं। इसके साथ ही कमर्शियल शॉप एवं ऑफिस स्पेस उपलब्ध हैं।

### हर्षित हार्मोनी

मेन रोड गुमा में स्थित आवासीय प्रोजेक्ट राजधानी रायपुर अपना खुद का मकान और प्लाट खरीदने वाले ग्राहकों की पहली पंसद बना हुआ है। 36 एकड़ में फैला हर्षित हार्मोनी आवासीय प्रोजेक्ट सर्व सुविधायुक्त एक शानदार आवासीय प्रोजेक्ट है, जहां 33 से ज्यादा स्वतंत्र मकान रेडी टू पजेशन हैं। यहां 22 स्वतंत्र मकान पूरे होने के लिए तैयार हैं। राजधानी रायपुर के पश्चिम में तैयार हो रहे हर्षित हार्मोनी के करीब 30 परिवार निवासरत हैं। सर्वसुविधायुक्त मकान बनाने के लिए 5 लाख से शुरू प्लाट बिक्री के लिए तैयार हैं।

आईपीएल

## मुंबई इंडियंस को 31 रन से दी शिकस्त

# हैदराबाद की पहली जीत, मैच में 523 रन और टी20 में 38 छक्कों का बना रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

चोटी के बल्लेबाजों की तूफानी पारियों के दम पर रिकॉर्ड स्कोर बनाने वाले सनराइजर्स हैदराबाद ने बुधवार को यहां मुंबई इंडियंस को 31 रन से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अपना खाता खोला।

सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद तीन विकेट पर 277 रन बनाए जो आईपीएल में नया रिकॉर्ड है। उसने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के 2013 में पुणे वारियर्स के खिलाफ बनाए गए पांच विकेट पर 263 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। मुंबई की टीम ने भी कड़ी चुनौती पेश की लेकिन अच्छी शुरुआत मिलने के बावजूद उसकी टीम पांच विकेट पर 246 रन ही बना पाई। इस तरह से मैच में कुल 523 रन बने जो आईपीएल का रिकॉर्ड है। यही नहीं इस मैच में 38 छक्के लगे जो टी20 क्रिकेट में नया रिकॉर्ड है। सनराइजर्स ने 10 ओवर में दो विकेट पर 148 रन बनाए, जो आईपीएल में नया रिकॉर्ड है।




### अभिषेक की सबसे तेज फिफ्टी

मुंबई के खिलाफ खेले जा रहे इस मुकाबले में अभिषेक शर्मा ने ट्रेविस हेड का रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने 16 गेंदों में अपना अर्धशतक लगाया। इस मामले में उन्होंने ट्रेविस हेड का रिकॉर्ड तोड़ दिया। हेड ने आज के ही मैच में 18 गेंदों में अपना अर्धशतक ठोका था। उन्होंने डेविड वॉर्नर का रिकॉर्ड तोड़ा था। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने 20 गेंदों में 2015 में चेन्नई के खिलाफ खेले गए मैच में फिफ्टी लगाई थी।

### तिकड़ी का अर्धशतक

सनराइजर्स की तरफ से ट्रैविस हेड ने 24 गेंद पर नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 62 रन बनाए जबकि अभिषेक शर्मा ने 23 गेंद पर 63 रन बनाए जिसमें तीन चौके और सात छक्के शामिल हैं। इन दोनों के आउट होने के बाद हेनरिक क्लासेन (नाबाद 80 रन) और एडेन मार्कराम (नाबाद 42) ने 55 गेंद पर 116 रन की अटूट साझेदारी की।

### तिलक की फिफ्टी

मुंबई ने भी तेज शुरुआत की उसकी तरफ से तिलक वर्मा ने 34 गेंद पर सर्वाधिक 64 रन बनाए जिसमें दो चौके और छह छक्के शामिल हैं। टिम डेविड ने 22 गेंद पर नाबाद 42 रन बनाकर हार का अंतर कम किया। मुंबई ने भी पावर प्ले में दो विकेट पर 76 रन बनाए लेकिन इस बीच उसने दोनों सलामी बल्लेबाज इशान किशन (34 रन) और रोहित शर्मा (26 रन) के विकेट गंवाए जिन्होंने परिस्थितियों के अनुरुप ताबड़तोड़ शुरुआत की। कप्तान हार्दिक पंड्या (24 रन) ने मयंक मार्कंडेय पर छक्का और चौका लगाकर शुरुआत की।

### सबसे बड़ा टीम स्कोर

| स्कोर | टीम | खिलाफ | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 277/3 | हैदराबाद | मुंबई | 2024 |
| 263/5 | बेंगलोर | पुणे | 2013 |
| 257/5 | लखनऊ | पंजाब | 2023 |
| 248/3 | बेंगलोर | गुजरात | 2016 |
| 246/5 | चेन्नई | राजस्थान | 2010 |

### पारी में सबसे ज्यादा छक्के

| छक्के | टीम | खिलाफ | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 21 | बेंगलोर | पुणे | 2013 |
| 20 | बेंगलोर | गुजरात | 2016 |
| 20 | दिल्ली | गुजरात | 2017 |
| 18 | बेंगलोर | पंजाब | 2015 |
| 18 | राजस्थान | पंजाब | 2020 |
| 18 | चेन्नई | कोलकाता | 2023 |
| 18 | हैदराबाद | मुंबई | 2024 |

### स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मयंक का डेविड बो हार्दिक | 11 | 13 | 1 | 0 |
| हेड का नमन धीर बो कोएत्जी | 62 | 24 | 9 | 3 |
| अभिषेक का नमन बो चावला | 63 | 23 | 3 | 7 |
| एडेन मार्कराम नाबाद | 42 | 28 | 2 | 1 |
| हेनरिच क्लासेन नाबाद | 80 | 34 | 4 | 7 |

अतिरिक्त : 19, कुल : 20 ओवर में 277/3
गेंदबाजी : मफाका 4-0-66-0, हार्दिक 4-0-46-1, बुमराह 4-0-36-0, कोएत्जी 4-0-57-1, चावला 2-0-37-1, मुलानी 2-0-33-0.

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का अभिषेक बो कमिंस | 26 | 12 | 1 | 3 |
| किशन का मार्कराम बो शाहबाज | 34 | 13 | 2 | 4 |
| नमन का कमिंस बो उनादकट | 30 | 14 | 2 | 2 |
| तिलक का मयंक बो कमिंस | 64 | 34 | 2 | 6 |
| पंड्या का क्लासेन बो उनादकट | 24 | 20 | 1 | 1 |
| टिम डेविड नाबाद | 42 | 22 | 2 | 3 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 15 | 06 | 2 | 1 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 20 ओवर में 246/5
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-53-0, उनादकट 4-0-47-2, अहमद 3-0 -39-1, कमिंस 4-0-35-2, मलिक 1-0-15-0, मार्कंडेय 4-0-52-0.

खास खबर

## 'इंपेक्ट प्लेयर' नियम के कारण 8वें नंबर पर आ पा रहे हैं धोनी



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने कहा कि 'इंपेक्ट प्लेयर' नियम ने उनके बल्लेबाजी क्रम को लंबा कर दिया है जिससे पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इस आईपीएल में आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए आ पा रहे हैं। वर्ष 2023 सत्र से शुरू किया गया 'इंपेक्ट प्लेयर' नियम प्रत्येक फ्रेंचाइजी को पांच खिलाड़ियों को नामित करने की अनुमति देता है जिनमें से एक मैच के दौरान स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में खेल सकता है। मंगलवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ सुपरकिंग्स की टीम छह विकेट पर 206 रन का विजयी स्कोर बनाने में सफल रही। हालांकि सात बल्लेबाजों के क्रीज पर उतरने के बावजूद धोनी के बल्लेबाजी के लिए आने का कोई संकेत नहीं मिलने के कारण उनके प्रशंसक थोड़े अधीर हो गए थे।


### हूटिंग पर हार्दिक ने गजब का धैर्य दिखाया : तिवारी

**मुंबई।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी को लगता है कि मुंबई इंडियन्स एक अप्रैल को यहां जब अपना पहला घरेलू आईपीएल मैच खेलेगा तो कप्तान हार्दिक पंड्या को और अधिक हूटिंग का सामना करना पड़ सकता है। तिवारी का हालांकि मानना है कि इस ऑलराउंडर के पास इस तरह की स्थिति से निपटने के लिए जरूरी धैर्य है। सत्र की शुरुआत से पहले मुंबई के कप्तान के रूप में रोहित शर्मा की जगह लेने वाले हार्दिक रविवार को जब अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलने उतरे तो अहमदाबाद में प्रशंसकों ने उनकी हूटिंग की।

### शुभमन पर लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना

**चेन्नई।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर यहां चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान टीम की धीमी ओवर गति के लिए बुधवार को 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। आईपीएल के एक बयान में कहा गया, 'आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था।' गिल की अगुवाई वाली टीम को टूर्नामेंट के मौजूदा सत्र में पहली हार का सामना करना पड़ा जब मंगलवार को यहां गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने उसे 63 रन से हरा दिया।

## खबर संक्षेप



### गोल्फर लाहिड़ी से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**गुरुग्राम।** पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने की कोशिश में लगे अनुभवी भारतीय गोल्फ खिलाड़ी अनिर्बान लाहिड़ी गुरुवार से यहां शुरू हो रहे हीरो इंडियन ओपन में अपने नौ साल के खिताबी सूखे को खत्म करना चाहेंगे। ओलंपिक में दो बार देश का प्रतिनिधित्व कर चुके लाहिड़ी लंबे समय के बार राष्ट्रीय चैंपियनशिप में वापसी करेंगे। एलआईवी गोल्फ से जुड़ने के बाद उनकी रैंकिंग 401 हो गई है और पेरिस खेलों में जगह बनाने के लिए उन्हें अच्छे नतीजे की जरूरत होगी।

### सिंधू की मैड्रिड मास्टर्स में विजयी शुरुआत

**मैड्रिड।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू बुधवार को यहां कनाडा की वेन यू झांग पर सीधे गेम में जीत के साथ मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंच गईं। पिछले सत्र में इस टूर्नामेंट की उपविजेता रहीं सिंधू ने विश्व रैंकिंग में 49वें स्थान पर काबिज झांग को एकतरफा मुकाबले में 21-16, 21-12 से शिकस्त दी। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू का अगला मुकाबला चीनी ताइपे की हुआंग यू-ह्सुन से होगा।

## बोपन्ना-एबडेन ने मियामी ओपन के सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶ मियामी गार्डन्स

भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने यहां मियामी ओपन में नीदरलैंड के सेम वर्बीक और ऑस्ट्रेलिया के जॉन-पैट्रिक स्मिथ को हराकर साल के तीसरे पुरुष युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई।

इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने वाले बोपन्ना और एबडेन ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 3-6 7-6 10-7 से जीत दर्ज की। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी 44 साल के बोपन्ना को इस जीत से एटीपी युगल रैंकिंग में शीर्ष 10 में रहने और जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने में मदद मिलेगी। पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने की रैंकिंग पर विचार करने की कट ऑफ तारीख 10 जून है। बोपन्ना और एबडेन इससे पहले इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन और एडीलेड ओपन के फाइनल में खेल चुके हैं।



### मेदवेदेव ने जीता 350वां मुकाबला

गत चैंपियन दानिल मेदवेदेव ने अपने कॅरियर का 350वां मुकाबला जीतते हुए डोमीनिक कोफर को सीधे सेट में हराकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार चौथे साल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मेदवेदेव ने कोफर को 7-6, 6-0 से हराया। शीर्ष वरीय कार्लोस अल्कारेज ने भी 23वें वरीय लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ 6-3, 6-3 की आसान जीत के साथ अंतिम आठ में प्रवेश किया। आठवें वरीय दिमित्रोव ने ह्युबर्ट हुरकाज को 3-6, 6-3, 7-6 से हराया। महिला वर्ग में चौथी वरीय एलेना रिबाकिन ने आठवीं वरीय मारिया सकारी को कड़े मुकाबले में दो घंटे 48 मिनट में 7-5, 6-7, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## सत्र की पहली जीत के लिए तरस रही दिल्ली कैपिटल्स

**जयपुर।** दिल्ली कैपिटल्स गुरुवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल सत्र की पहली जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा तो सभी की नजरें कप्तान ऋषभ पंत पर टिकी होंगी जबकि टीम को बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गंभीर कार दुर्घटना के कारण 453 दिन बाहर रहने के बाद पंत पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में उनके नए घरेलू मैदान पर वापसी करते हुए सिर्फ 13 गेंद (18 रन) टिक पाए थे। पंत ने हालांकि विकेट के पीछे प्रभावित किया और जितेश शर्मा को स्टंप भी किया। अपने पहले मैच की शुरुआती घबराहट से उबरने के बाद पंत जल्द ही लय हासिल करने को बेताब होंगे क्योंकि उन्हें ट्रेंट बोल्ट, रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल जैसे अनुभवी गेंदबाजों का सामना करना है। कुलदीप यादव और अक्षर पटेल की स्पिन जोड़ी से भी टीम को काफी उम्मीद होंगी। पिछले मैच में सवाई मानसिंह स्टेडियम की सूखी पिच पर राजस्थान रॉयल्स की जोस बटलर और यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी को लखनऊ सुपर जाइंट्स के गेंदबाजों के खिलाफ परेशानी का सामना करना पड़ा था।

## छेत्री ने दागा 94वां अंतरराष्ट्रीय गोल



**कोलकाता।** भारत के करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने अपने 150वें मैच में 94वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागा। 158वें स्थान पर काबिज अफगानिस्तान के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में भारत को इस मैच में 1–2 की शर्मनाक हार मिली।

### बाबर को फिर कप्तान बनाने की चल रही चर्चा

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने के लिए शान मसूद और शाहीन शाह अफरीदी की क्षमता पर भरोसा नहीं रह गया है और उसे लगता है कि पूर्व कप्तान बाबर आजम एक बार फिर टीम की कप्तानी के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प हैं। पिछले साल भारत में एकदिवसीय विश्व कप के दौरान पाकिस्तान के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाने के बाद बाबर ने सभी प्रारूपों में टीम की कप्तानी छोड़ दी थी।

IndusInd Bank

VEHICLES/MACHINERY AUCTION NOTICE

Online/ Offline bids are invited for the sale of the following vehicles/machinery, on 'as is where is' basis:

| Sl.No. | Branch | Deal No. | Customer Name | Regd. No. | Yard |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Manendragarh | FBA01430C | SUNITA RATHOUR | MP54CA0889 | ABHISHEK DUBEY YARD SHAHDOL, MP |
| 2 | Ambikapur | FBW00845C | NAND KESHWAR | CG15DU6073 | MAHAMAYA PARKING, AMBIKAPUR |
| 3 | Korba | FRK00782C | JHINGU RAM YADAV | CG12AZ6619 | RAMPRASAD PASWAN PARKING YARD, KORBA |
| 4 | Janjgir | FJR00411D | B AKASH MITTAL | CG12AL6973 | SAGAR PARKING YARD, RAIGARH |
| 5 | Dhamtari | FRT00525D | S BIKI | OD24E3927 | HIGH TECH PARKING, RAIPUR |
| 6. | JAGDALPUR | FRJ02084C | MITHLESH YADAV | CG27M9329 | NATIONAL AGROTECH JAGDALPUR BASTAR (C.G.) 494001 |

For any queries or inspection of the vehicles, please contact us at: Indusind Bank Ltd, 3rd Floor, Ravi Bhawan, Raipur (C.G.) Call: 0771-4255804, Last Date : 03rd April, 2024.
The borrowers/co-borrowers/successors/heirs concerned are hereby once again called upon to clear their dues before the above mentioned last date, failing which we shall be constrained to sell the vehicle and recover from them further loss, if any.
-Authorized Officer
Date : 28th March, 2024, Raipur www.indusind.com
"Now View, Select and Bid on your favourite Bike/Car online! Register on https://induseasywheels.indusind.com"

## उरुग्वे के क्लब कोलोन से जुड़े बिजय छेत्री

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

भारतीय डिफेंडर बिजय छेत्री इस साल के अंत तक उधार पर उरुग्वे के फुटबॉल क्लब कोलोन एफसी से जुड़ गए हैं। उनके इंडियन सुपर लीग क्लब चेन्नईयिन एफसी ने बुधवार को यह जानकारी दी। छेत्री इस तरह किसी लेटिन अमेरिकी क्लब से अनुबंध करने वाले पहले भारतीय फुटबॉलर बने। कोलोन क्लब मोंटेवीडियो में स्थित है। क्लब सेगुंडा डिविजन पेशेवर (दूसरा डिविजन) में खेलता है और अभी ग्रुप बी लीग तालिका में तीसरे स्थान पर चल रहा है। मणिपुर के 22 साल के छेत्री ने अपने फुटबॉल करियर की शुरुआत 2016 में शिलांग लाजोंग के साथ की।



ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS
94060-21769
JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईंया है? आंखो पर काले घेरे है?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

## श्रीजेश बने एफआईएच एथलीट समिति में सह-अध्यक्ष

**लुसाने।** भारतीय टीम के दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश और चिली महिला टीम की डिफेंडर कैमिला कैरम को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ की नयी एफआईएच एथलीट समिति के सह-अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। यह जोड़ी एफआईएच में खिलाड़ियों के दृष्टिकोण को रखेगी। एफआईएच एथलीट समिति एक सलाहकार निकाय के रूप में कार्य करती है। यह एफआईएच कार्यकारी बोर्ड, एफआईएच समितियों, सलाहकार पैनलों और अन्य निकायों को सिफारिशें करती है। एफआईएच अध्यक्ष तैय्यब इकराम ने नियुक्तियों के बाद एक विज्ञप्ति में कहा, 'खिलाड़ी हमेशा एफआईएच के सभी खेल प्रयासों के केंद्र में रहे हैं।




हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सिंघानिया स्किन केयर — Makeover — मो. 94252-14479, 0771-4020411 — 36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स, कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 — www.makeoverraipur.com
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999490384, 7042974029

डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
सेंट्रल एवेन्यू, चौबे कालोनी, प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक — मो. 9977247553
मनोरोग, नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)

डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304
17, गुरुकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर (राज्य और शहर के प्रसिद्ध 22 सालों से क्षेत्र में अनुभवी)
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

# स्टाफ की नियुक्ति के लिए हेल्थ सेक्रेटरी का शपथपत्र पर्याप्त नहीं

हाईकोर्ट ने शासन से हॉस्पिटल में सुविधाओं की पूरी रिपोर्ट मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

सेंदरी मेंटल हॉस्पिटल मामले में स्वास्थ्य सचिव के एफिडेविट को कोर्ट ने पर्याप्त नहीं पाया। सचिव की ओर से प्रस्तुत शपथपत्र में बताया गया था कि साइकेट्रिस्ट नहीं मिलने के कारण नियुक्ति नहीं हो सकी। इस पर कोर्ट ने पूछा कि आपने कोई भर्ती प्रक्रिया या विज्ञापन जारी किया था क्या। इसका जवाब सचिव की ओर से स्पष्ट नहीं दिया जा सका। कोर्ट ने स्पष्ट जानकारी देने के निर्देश दिए। साथ ही हाईकोर्ट ने सेंदरी मानसिक चिकित्सालय में बिस्तरों की संख्या, मनोरोग चिकित्सक, वार्ड बॉय नियुक्त करने सहित अन्य सुविधाओं के लिए हाईकोर्ट ने कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। गौरतलब है कि पूर्व में हुई सुनवाई में शासन ने कोर्ट में कहा था कि बिस्तरों की



संख्या 200 की जा रही है और डाक्टरों की कमी भी दूर की जाएगी। हालांकि यह योजना है जो 7 साल से प्रस्तावित है। इस पर सरकार की ओर से ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

राज्य में मानसिक रोगियों के इलाज के लिए 2017 में बने अधिनियम के अनुसार प्रावधान और सुविधा नहीं होने पर रायपुर के अधिवक्ता विशाल कोहली ने अधिवक्ता हिमांशु पांडेय के माध्यम से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। साथ ही मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान भी लिया है। दोनों मामलों की एक साथ सुनवाई चल रही है। याचिका में बताया गया है कि डब्ल्यूएचओ के नियम अनुसार 10 हजार लोगों पर एक मनोचिकित्सक होना चाहिए, जबकि राज्य में 8 लाख लोगों पर एक डाक्टर है।ᵖ रावधान के अनुसार हर जिले में एक मानसिक स्वास्थ्य केंद्र और मनोचिकित्सक होने चाहिए लेकिन ऐसा नहीं है। याचिका में यह भी कहा गया है कि प्रदेश के एकमात्र राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी के लिए 11 चिकित्सकों के पद स्वीकृत है, लेकिन उनमें से मात्र 3 पद पर ही सायकेट्रिस्ट नियुक्त हैं। इसके अलावा एक ईएनटी और एक आर्थोपेडिक चिकित्सक की नियुक्ति कर दी गई है। कोर्ट ने प्रावधान के अनुसार इलाज के लिए प्रदेश में की जा रही व्यवस्था और मानसिक चिकित्सालय में रिक्त पद भरने के लिए क्या किया जा रहा इस पर पूरी रिपोर्ट राज्य शासन से मांगी है।

### स्थापना के बाद से ही सुविधाओं की कमी

ध्यान रहे कि बिलासपुर के पुराना बस स्टैंड में छाया नाम की विक्षिप्त महिला के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। दुष्कर्म के बाद वह गर्भवती हो गई थी। बीमार होने पर उसे सिम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। जहां उसने एक महीने बाद एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया था। इसी बीच रायपुर के एक सामाजिक संस्था एफएफडीए ने वकील जेके शास्त्री के जरिए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर मानसिक रोगियों के बेहतर इलाज और पुनर्स्थापना की मांग की थी। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद हाईकोर्ट ने राज्य शासन को बिलासपुर में राज्य मानसिक चिकित्सालय की स्थापना करने का निर्देश दिया था। इसके बाद सेंदरी में मानसिक चिकित्सालय की स्थापना की गई है। यहां लेकिन सुविधाओं की कमी सालों से बनी है।

## अमानवीय तरीके से पकड़ने पर पुलिस को फटकार

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान एक ऐसा मामला सामने आया जिसमें दो महिलाओं को सिर्फ संदेह के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। अधिवक्ताओं द्वारा महिला का पक्ष रखने के बाद उस महिला को अमानवीय तरीके से गिरफ्तार करने के मामले में हाईकोर्ट ने पुलिस को कड़ी फटकार लगाई गई है। साथ ही हाईकोर्ट ने माना कि इस प्रकार पुलिस का कृत्य अमानवीय तथा प्रार्थी की गरिमा के प्रतिकूल है। कोर्ट ने छग सरकार को आदेश दिया है कि वह उक्त प्रार्थीगण को क्रमशः 1 लाख और 2 लाख रुपए क्षतिपूर्ति के रूप में प्रदान करें।

याचिका की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस रवीन्द्र कुमार अग्रवाल के बेंच में हुई। रिट याचिका क्रमांक 399, 2023 को निराकृत करते हुए पाया गया कि महिला प्रार्थी क्रमांक एक 55 वर्ष की वृद्ध महिला हैं और प्रार्थी क्रमांक दो 26 वर्ष की युवा अविवाहित लड़की है। दोनों को सिविल लाइन पुलिस द्वारा संदेह के आधार पर न केवल गिरफ्तार किया गया बल्कि हाईकोर्ट के अहम निर्णयों एवं दिशा निर्देशों का उल्लंघन किया गया।









## फिनलैंड, डेनमार्क और आइसलैंड सबसे खुशहाल

जानिए यहां के लोगों की लंबी उम्र का राज




**नई दिल्ली।** फिनलैंड एक बार फिर दुनिया का सबसे खुशहाल देश बन गया है। अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस पर पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र ने 'वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट' 2024 जारी की थी। रिपोर्ट की रैंकिंग में फिनलैंड ने लगातार सातवी बार अव्वल स्थान हासिल किया है। दूसरे नंबर पर डेनमार्क, तीसरे पर आइसलैंड और चौथे पायदान पर स्वीडन है। दिलचस्प बात है कि हमास से युद्ध लड़ रहे इजरायल की रैंक भी पांचवी है। अमेरिका को दुनिया के सबसे ज्यादा अमीर और विकसित देश माना जाता है। हालांकि, इस साल वो सबसे खुशहाल देशों की रैंक में टॉप 20 तक में अपनी जगह नहीं बना पाया। रिपोर्ट में देशों को 0-10 के स्केल पर मापा गया है। एवरेज लाइफ इवेलुएशन के मामले में 23वें रैंक वाले अमेरिका का स्कोर 6.725 था। जबकि फिनलैंड का स्कोर 7.741 था। आइए देखते हैं कि सबसे खुशहाल देश के लोगों की औसत उम्र क्या और वो इतना लंबा क्यों जीते हैं।

### कितना जीते हैं खुशहाल देश?

कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहलुओं के आधार पर देशों की खुशहाली को मापा जाता है। तब जाकर ये इन्हें ये रैंक दी गई। इनमें एवरेज लाइफ एक्सपेक्टेंसी काफी अहम फैक्टर होता है जो बताता है कि नागरिकों की औसत जीने की उम्र कितनी है। यूरोपीय संघ की रिपोर्ट के मुताबिक, सबसे ज्यादा लाइफ एक्सपेक्टेंसी नॉर्वे की है। यहां लोगों की औसत आयु 83.3 है। इसके बाद 83.1 आयु के साथ आइलैंड दूसरे नंबर पर आता है। स्वीडन और फिनलैंड में लाइफ एक्सपेक्टेंसी क्रमशः 82.4 उम्र और 82.2 उम्र है। इस डेटा को देखकर कहा जा सकता है कि खुशहाल देशों में रहने वाले लोग औसतन 83 उम्र तक जीते हैं। दूसरी ओर वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट में आखिरी पायदान पर आने वाले देश अफगानिस्तान में लाइफ एक्सपेक्टेंसी महज 62 साल है।

## न्यूरालिंक के 'सुपरपावर' के मुरीद लोग, हो रही तारीफ



**वाशिंगटन।** एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने एक बड़ा काम करके दिखाया है। जहां हाल ही में न्यूरालिंक ने सफलतापूर्वक एक इंसान के दिमाग में चिप फिट किया था और अब उस उस इंसान का वीडियो सामने आया है। न्यूरालिंक ने इस वीडियो को एक्स पर पोस्ट किया और फिर एलन मस्क ने उस वीडियो को शेयर किया। यह वीडियो वायरल हो गया है और कुछ ही घंटों के अंदर इसे लाखों ने लोगों ने देखा। दरअसल, वीडियो की बात करें तो इसमें एक 29 साल का व्यक्ति नोलैंड एर्बाग है, जो ऑपरेशन के बाद काफी स्वस्थ नजर आ रहा है। यह व्यक्ति न्यूरालिंक के इंजीनियर के साथ नजर आया। जिस व्यक्ति के दिमाग में चिप को इंप्लांट किया है, वो क्वाड्रप्लीजिक नाम बीमारी की चपेट में आ चुका है और उसकी वजह से गर्दन से नीचे का उसका शरीर पैरालाइज हो चुका है। ऐसे में यह व्यक्ति व्हीलचेयर पर रहता है।

### वीडियो में दिखाया शतरंज

वीडियो में दिखाया है कि कैसे यह शख्स कंप्यूटर पर शतरंज खेल रहा है और जरूरत पड़ने पर गाने को प्ले और पॉज करके भी दिखाया। यह पूरा काम वह सिर्फ दिमाग में सोचकर कर रहा है और उसने किसी भी चीज को हाथ नहीं लगाया है। यह वीडियो इंटरनेट पर काफी पसंद किया जा रहा है।


### एक्स प्लेटफॉर्म पर कई यूजर्स ने की तारीफ

एक्स प्लेटफॉर्म पर बहुत से यूजर्स इस तकनीक की तारीफ करते हुए नजर आए हैं। एक यूजर्स ने लिखा कि यह सच में अद्भुत है। इसका फायदा कई सेक्टर में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। यह दिव्यांगजनों के लिए काफी उपयोगी साबित होगा।









हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com